# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025





Shri Ganesha ®

SINCE 1974

WE MAKE YOUR LIFE COLOURFUL

Herbal. Natural. Harmless.

## धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** के नवाचार व रोजगार की दिशा में ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को विकास व स्वदेशी उत्पादों को भारत में निर्माण करने की पहल को श्री गणेशा परिवार के द्वारा किया जाने पर हमारे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री **श्री विष्णु देव साय जी** व **श्री विजय बघेल जी** (लोक सभा सांसद जिला-दुर्ग) ने श्री गणेशा के कार्यों की प्रशंसा करते हुये, भविष्य में श्री गणेशा द्वारा नयी योजनाओं के माध्यम से नये रोजगार व नवीन स्वदेशी उत्पाद का उत्पादन प्रारंभ करने हेतु अपना आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्रदान किया।

N.B.R.I (NATIONAL BOTANICAL RESEARCH INSTITUTE) द्वारा **Green Crackers** की पहली पेटेंटेड टेक्नोलॉजी श्री गणेशा फायर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान की गयी व **Liquid Herbal Sindoor** की पहली पेटेंटेड टेक्नोलॉजी श्री गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान की गयी जिसके उत्पादन के लिए श्री गणेशा परिवार नये 1000 युवाओ को अपने साथ रोजगार के माध्यम से जोड़ने के लिए संकल्पित है।







TECHNOLOGY BY:

## NATIONAL BOTANICAL RESEARCH INSTITUTE

(A UNIT OF C.S.I.R. GOVERNMENT OF INDIA) PATENT NO.: 231666

**SHRI GANESHA GLOBAL GULAL PVT. LTD.**
Raipur | Durg | Rajnandgaon

**SHRI GANESHA FIREWORKS PVT. LTD.**
Dhamtari

# व्यापम लेगा 9 महीने में 28 परीक्षाएं, इनमें से 10 एंट्रेंस टेस्ट, शेष भर्ती के लिए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

खास खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बुधवार को वर्ष 2026 के लिए कैलेंडर जारी किया गया। यह व्यापम का तीसरा कैलेंडर है। इसके पूर्व व्यापम द्वारा जारी अपने द्वितीय कैलेंडर में मार्च तक होने वाली परीक्षाओं की जानकारी दी गई थी। बुधवार को जारी कैलेंडर में अप्रैल से दिसंबर माह तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथियां घोषित की गई हैं। मार्च से दिसंबर तक व्यापम 28 परीक्षाएं आयोजित करेगा। इनमें से 10 विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाएं हैं। शेष 18 परीक्षाओं के जरिए विभिन्न विभागों में नियुक्ति की जाएगी। वहीं, मार्च तक व्यापम 7 परीक्षाएं आयोजित करेगा। इस तरह से 2026 में व्यापम द्वारा 35 परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने 2026 के लिए जारी किया कैलेंडर

- इसके पूर्व मार्च तक के लिए जारी हुआ था कैलेंडर, यह व्यापम का तीसरा कैलेंडर



### तीन तिथियां आरक्षित

व्यापम द्वारा परीक्षाओं के लिए तीन तिथियां आरक्षित रखी गई हैं। कैलेंडर जारी करने के बाद यदि किसी विभाग द्वारा नवीन भर्ती के लिए अर्जी आती है तो इन आरक्षित तिथियों में वह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए व्यापम पृथक से अधिसूचना जारी करेगा। इसके अलावा पूर्व निर्धारित भर्ती परीक्षाओं के लिए भी आवेदन तिथि, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि सहित अन्य सूचनाएं परीक्षाओं के निर्धारित समय पूर्व जारी की जाती रहेंगी। जिन तिथियों को व्यापम ने आकस्मिक परीक्षाओं के लिए निर्धारित किया है, उनमें 11 व 25 अक्टूबर तथा 29 नवंबर शामिल है।

### कब कौन सी परीक्षा

- 12 अप्रैल- फार्मासिस्ट ग्रेड-2 (संचालनालय स्वास्थ्य सेवा)
- 19 अप्रैल- परिवहन आरक्षक
- 26 अप्रैल- उप निरीक्षक (मंडी बोर्ड)
- 7 मई- पीपीटी, प्री एमसीए
- 14 मई- पीईटी, एमएससी नर्सिंग
- 21 मई- पीपीएचटी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग
- 4 जून - प्री डीएलएड
- 11 जून- प्री बीएड, प्री बीएससी नर्सिंग
- 21 जून - पीएटी, पीवीपीटी
- 28 जून- डाटा एंट्री ऑपरेटर (उच्च न्यायालय)
- 5 जुलाई- उप अंकेक्षक (सहकारिता)
- 12 जुलाई- सहायक उप निरीक्षक (गृह पुलिस)
- 19 जुलाई- फायरमेन (नगर सेना)₹
- 26 जुलाई- प्रयोगशाला परिचारक (पर्यावरण संरक्षण मंडल)
- 2 अगस्त- अनुरेखक (जल संसाधन)
- 30 अगस्त- ओटी टेक्नीशियन (संचालनालय स्वास्थ्य सेवा)
- 6 सितंबर- सहायक ग्रेड-3 (विधिक सेवा प्राधिकरण)
- 20 सितंबर - लैब असिस्टेंट एवं नमूना (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)
- 27 सितंबर- सहायक ग्रेड-3 (नगर विकास प्राधिकरण)
- 4 अक्टूबर- राज्य पात्रता परीक्षा
- 22 नवंबर- स्टोर कीपर (नगर सेना)
- 6 दिसंबर- सहायक ग्रेड-3 (प्रधान मुख्य वन संरक्षक)
- 13 दिसंबर- स्टेनोग्राफर (विभिन्न विभाग के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा)
- 20 दिसंबर- सहायक ग्रेड- 3 (विभिन्न विभाग के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा)

केंद्र सरकार के मंत्रालय ने दी है ये जानकारी, राज्य सरकार ने तीन दिनों में मंगाया गजट

# छग के 708 गांव गायब, सर्वे में गड़बड़ी का अंदेशा, मांगा गया नगरीकरण का गजट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

**देश में अगले साल से नई जनगणना होने जा रही है। इसकी शुरुआत से पहले जब भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने जन सांख्यिकी सर्वेक्षण के लिए एफएसयू चयन की प्रक्रिया शुरू की, तो पता लगा कि छत्तीसगढ़ के 708 गांव उपलब्ध ही नहीं हैं। मंत्रालय का कहना है कि ग्रामों की अनुपलब्धता के कारण सर्वे में गड़बड़ी हो सकती है। इसे सुधारने के लिए अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से गजट नोटिफिकेशन लेकर केंद्र का मंत्रालय इसे खंगालेगा।**

अलग खबर

भारत सरकार साख्यिकी एवं कार्याक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उप निदेशक ने राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को एक पत्र जारी कर कहा है कि सर्वेक्षण के लिए एफएसयू चयन करने के लिए ग्रामीण फ्रेम में विभिन्न कारणों से छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 708 ग्राम उपलब्ध नहीं है। ग्रामों की अनुपलब्धता के कारण सर्वेक्षण में ग्रामों के प्रतिनिधित्व में आंशिक त्रुटि हो सकती है। इस स्थिति के मद्देनजर राज्य सरकार से नगरीकरण कराए जाने का नोटिफिकेशन मांगा गया है।



फाइल फोटो

### क्या होता है एफएसयू का चयन

जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण में एफएसयू का मतलब फर्स्ट स्टेज यूनिट या प्रथम चरण इकाई होता है। यह सर्वेक्षण की बहु-चरणीय नमूनाकरण प्रक्रिया (मल्टी स्टेज सैपलिंग) का पहला चरण है, जिसमें सर्वेक्षण के लिए सबसे बड़ी भौगोलिक इकाइयों का चयन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में एफएसयू आमतौर पर कोई गाँव या पंचायत वार्ड होता है। शहरी क्षेत्रों में होने वाले इस काम को अर्बन फ्रेम सर्वे (यूएफएस) कहा जाता है।

### ऐसे होता है एफएसयू का चयन

*एफएसयू का चयन एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत होता है ताकि पूरे क्षेत्र का एक प्रतिनिधि नमूना चुना जा सके। प्रक्रिया के मुख्य चरण इस प्रकार हैं। पहला स्तरीकरण है जिसमें सबसे पहले, पूरे देश या सर्वेक्षण क्षेत्र को विभिन्न स्तरों में बाँटा जाता है। ये स्तर भौगोलिक या प्रशासनिक आधार पर हो सकते हैं, जैसे राज्य, ज़िला या क्षेत्र। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर क्षेत्र से नमूने का चयन हो। प्रत्येक स्तर से, एक निश्चित संख्या में एफएसयू को चुना जाता है। इस चयन के लिए सामान्यतः दो स्वतंत्र उप-नमूनों का उपयोग किया जाता है। इनमें एक व्यवस्थित नमूनाकरण और दूसरा प्रतिस्थापन होता है।*

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

केंद्र सरकार के मंत्रालय का पत्र मिलने के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अपने क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और सरगुजा के संयुक्त संचालकों को निर्देश दिया है कि तीन दिनों के अंदर नोटिफिकेशन की कॉपी उपलब्ध कराएं।

### चयन का महत्व

एफएसयू का चयन सर्वेक्षण की सटीकता और विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई एफएसयू चयन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि सर्वेक्षण के परिणाम पूरे देश की आबादी का सही प्रतिनिधित्व करें। भारत में, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण जैसे बड़े पैमाने के सर्वेक्षणों में इसी प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

# पीएमजेएवाय में छग को राष्ट्रीय सम्मान, आयुष्मान योजना में पंजीकृत 97 फीसदी अस्पताल सक्रिय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के उत्कृष्ट कार्यों और जीरो पेंडेंसी के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया है। पड़ोसी राज्य एमपी के 62 और देश के औसत 52 फीसदी की तुलना में आयुष्मान योजना के तहत यहां पंजीकृत 97 फीसदी अस्पताल सक्रिय हैं। विभागीय प्रयास से यहां आने वाले संदिग्ध क्लेम में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

भोपाल में आयोजित एनएचए कॉन्क्लेव के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील कुमार बर्नवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य नोडल एजेंसी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर (ऑपरेशन) धर्मेंद्र गहवई को सर्टिफिकेट प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित हुई कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार आयुष्मान भारत योजना को एक एजेंडे के रूप में शामिल किया गया था।

इसमें सभी जिलों में योजना की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। इस योजना की निगरानी करने वाली राज्य नोडल एजेंसी द्वारा कई सशक्त कदम उठाए गए, जिनमें संदिग्ध दावों की पहचान कर व्यापक फील्ड ऑडिट, क्लेम प्रोसेसिंग के टर्न-अराउंड टाइम में कमी, हितधारकों का उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता प्रशिक्षण, स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट का गठन और एम्पैनल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स के साथ नियमित संवाद एवं समन्वय तंत्र की स्थापना की। इससे एनएचए की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ में संदिग्ध दावों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक पाई गई।

*उत्कृष्ट कार्यों और जीरो पेंडेंसी के प्रयासों के लिए मिला सम्मान*




### कार्रवाई भी हुई

विभागीय टीम ने जनवरी–फरवरी 2025 के बीच राज्यभर में 52 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। योजना के मानकों का पालन न करने पर 45 अस्पतालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई। साथ 32 हजार से अधिक मामलों में फील्ड ऑडिट किए गए, जिससे फर्जी दावों की रोकथाम और दावे निपटान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया गया। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तिमाही समीक्षा बैठक में इस योजना को प्रमुख एजेंडा बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से संदिग्ध दावों की संख्या में भारी गिरावट आई है। पहले प्रति सप्ताह 2 हजार से अधिक संदिग्ध क्लेम दर्ज होते थे। अब यह घटकर 500 से भी कम रह गया है। वहीं क्लेम अप्रूवल का समय घटकर अब केवल 7 से 10 दिन रह गया है।

### प्रशासनिक प्राथमिकता के रूप में योजना- जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर कहा है कि पीएमजेएवाय को सभी जिलों की समीक्षा बैठकों के प्रमुख एजेंडा में शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर भी प्रत्येक माह जिलों के साथ समीक्षा कर योजना की प्रगति का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अल्प समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार करते हुए अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाया है।

# बीएससी में अपग्रेड सीट काउंसिलिंग में शामिल नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश का आवेदन अब 17 तक

हरिभूमि फॉलोअप

**रायपुर।** जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड हुई निजी नर्सिंग कालेजों की करीब 14 सौ सीट काउंसिलिंग में शामिल कर ली गई है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। कालेज और एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों को सीटों के शेड्यूल जारी किए जाने का इंतजार है। वहीं कालेजों में सीटों की स्थिति को भी विभागीय स्तर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है। तीस से अधिक निजी कालेजों की सीट अपग्रेड हुई थी, जिन्हें इस बार नर्सिंग काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया था। निजी कालेजों ने विभागीय अधिकारियों से मुलाकात के साथ हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कालेज प्रबंधन के पक्ष में आदेश पारित किया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अपग्रेड हुई सभी सीटों को काउंसिलिंग में शामिल किया है। उनके द्वारा बीएससी सहित नर्सिंग के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख में तीन दिन की वृद्धि की गई है। निजी कालेज प्रबंधन से जुड़े लोगों का तर्क है कि किसी काउंसिलिंग के पहले एडमिशन का संभावित शेड्यूल जारी किया जाता है, मगर इस बार प्रक्रिया अधूरी है। वहीं छात्रहित में सीट मैट्रिक्स जारी करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है।



### सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए हजार रुपए शुल्क

नर्सिंग काउंसिलिंग समिति के अध्यक्ष ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन के लिए अनारक्षित और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 1 हजार और अनुसूचित जाति-जनजाति के उम्मीदवारों को 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। ऑनलाईन आवेदन में किसी तरह की गलती हो जाने पर त्रुटि सुधार के लिए 1 हजार रुपए शुल्क तय किया गया है। त्रुटि सुधार के समय पहले दिए गए ई-मेल एवं मोबाईल नंबर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा।

### सरकारी कालेज में एडमिशन अनिवार्य

जानकारी के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जिन अभ्यर्थियों का चयन शासकीय नर्सिंग कालेजों के लिए होता है, उन्हें प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। सीट छोड़ने पर उन्हें काउंसिलिंगग के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। पहली काउंसिलिंग में आवंटित अभ्यर्थियों को संवीक्षा कराना एवं पात्र होना जरूरी होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आगे की कार्यवाही के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल विभागीय वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

# 33 लाख की जगह अब 2 लाख सदस्यों का ही ई-केवायसी कराने का टारगेट

- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक कार्ड सदस्य को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके बाद भी छत्तीसगढ़ में 33 लाख से ज्यादा सदस्य हैं जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराया है। इन छूटे हुए सदस्यों के लिए कई बार ई-केवायसी की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया गया है। इसके बाद भी इन सदस्यों द्वारा ई-केवायसी नहीं कराया जा रहा है। इसे देखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने अब नया फरमान जारी कर दिया है, जिसमें लगभग 31 लाख सदस्यों के स्थान पर सिर्फ 2 लाख 21 हजार 119 सदस्यों का केवायसी कराने का लक्ष्य सभी जिलों के खाद्य विभाग के अफसरों को दिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 25 अक्टूबर तक का समय अफसरों को मिला है। विभाग की संचालक डा. फरिहा आलम ने 10 अक्टूबर 2025 को प्रदेशभर में 2 लाख 21 हजार 119 सदस्यों का ई-केवायसी करने का लक्ष्य से संबंधित आदेश जारी किया है। इस आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि प्रदेशभर में कुल 81 लाख 97 हजार राशन कार्डों में 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। इन सदस्यों में 2.29 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हुआ है, वहीं 3316778 सदस्यों ने ई-केवायसी नहीं कराया है। छूटे हुए सदस्यों का ई-केवायसी के लिए अंतिम तारीख 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई थी।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No. 03-03/ TN-331/4521 Raipur, Dtd 14 / 10/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-331**

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Submission Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | DP-413/25-26 8100046671 (without RLA) | Procurement of reagent and consumables for pathology laboratory of Main Hospital, Korba East. | 10.11.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | HW-415/25-26 8100046677 (with RLA) | Work of provision, modification, retrofitting and revamping of existing lighting system at site U# 1, EMD-I, PH-I, HTPS, Korba West. | 10.11.2025 Upto 15:00 Hrs |

For details please visit our website **https://cspc.co.in** or e-bidding portal:–**https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

Executive Director (S&P: Gen) CSPGCL:RAIPUR

SAVE ELECTRICITY



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1451 Raipur, date 14-10-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/Office/ W/2025/ 126 | Deployment of 02 Nos. Computer Operator on Job work basis for O/o the Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Shed No. 11, Dangania, Raipur | 5.10 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/ 127 | Construction of 02 Nos. Room for installation of VFD panels and transformer for CEP's in Unit 1 & 2 of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa | 38.10 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/ 128 | Construction of Pavilion with sitting gallery changing rooms, toilet, approach path etc. at stadium of residential colony of 2x500MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 48.93 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/ 129 | Strengthening and widening of Kutcha road beside of rail track from IMW B operator room to CH 10800 of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa | 11.15 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/ 130 | Annual sweeping & cleaning of roads & drains of various staff quarters and public buildings and stair case, open corridor of B,C,D,E & F type staff quarters at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa | 18.13 Lacs |
| CEC/ABVT PS-MRW/ W/2025/ 131 | External & Internal painting work of Security office buildings , OHC (Occupational Health Center), Watch towers, MIS-IT Building, SWGR Room Admin building and Only External painting of STP, Admin building & main gate of 2x500MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 6.16 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY


हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

# पीएससी मामले में 37 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति क्यों नहीं हुई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती के मामले में राज्य सरकार की अपील पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने इस मामले में अन्य उम्मीदवारों और अधिकारियों की भूमिका पर राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही टिप्पणी करते हुए कहा कि पीएससी ने जिन लोगों को चुना, वे आज भी डेडलॉक की स्थिति में हैं। डिवीजन बेंच ने संबंधित सभी अपीलों को एक साथ सुनवाई के लिए प्रस्तुत करने को कहा है। दरअसल, सीजीपीएससी 2021 में हुई गड़बड़ी को लेकर सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में बताया गया कि परीक्षा नियंत्रक को हाल ही में गिरफ्तार किया गया है।

इस पर हाईकोर्ट ने पूछा कि इसके बाद भी जांच अधूरी क्यों है? हाईकोर्ट यह भी पूछा कि चयन होने के बाद भी जब 37 उम्मीदवारों को अब तक नियुक्ति आदेश क्यों जारी नहीं हुए, उन्हें अनिश्चितता में क्यों रखा गया है? इसके साथ राज्य सरकार के यह बताने पर कि अंतिम समय में पेपर लीक हुआ था, हाईकोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो परीक्षा पर पुनर्विचार करना चाहिए लेकिन जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक उम्मीदवारों को क्यों लटकाया जा रहा है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की बेंच में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से बताया गया कि 17 उम्मीदवारों की भूमिका की जांच चल रही है, जबकि अन्य आरोपियों पर अभी चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रिपोर्ट में 41 नाम थे, अब 17 पर जांच और बाकी का क्या हुआ? बताने को कहा गया कि अन्य उम्मीदवारों और पीएससी अधिकारियों की भूमिका की जांच कहां तक पहुंची है।




**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU&PC, CSPGCL**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/1010 Raipur, date: 07.10.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl No | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/2025/66 | Transportation of ash and filling in Manikpur open cast mines from ash silo of 2x250 MW of DSPM-TPS CSPGCL Korba East. | 95.92 Lacs | 96,000/- | 03 Months | 81000 46324 |
| 2 | CEC/AU&PC/ ABVTPS-MRW/ W/2025/67 | Construction of RCC Pedestals, additional chute drains at outer periphery of the ash dyke & upgradation of drainage system of Auraikala ash dyke of ABVTPS CSPGCL, Marwa. | 91.05 Lacs | 91,100/- | 05 Months | 81000 46323 |
| 3 | CEC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/2025/68 | Providing & installation of 03 nos weighbridge of 100 Ton capacity near ash dyke at Jhabu & Dindolbhata & ash silo of HTPS, CSPGCL, Korba West. | 67.09 Lacs | 67,100/- | 02 Months | 81000 46334 |
| 4 | CEC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/2025/69 | Annual pollution control and maintenance works of ash dyke of Risda-Podimar at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 19.92 Lacs | 20,000/- | 12 Months | 81000 46322 |

**Cost of tender form is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST) for Sl. No. 1, 2 & 3 and Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST) for Sl. No. 4. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 28.10.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 30.10.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.**

**Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii) Maintenance period for the work shall be Nil for Sl. No. 1 & 4 and 12 months for Sl. No. 2 & 3. (iii) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST (for Sl. No. 1 only).(iv) Subletting of contract will not be allowed (for Sl. No. 1 only).**

Chief Engineer (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025


# एचआईवी पीड़िता की पहचान खुलने से हाईकोर्ट नाराज, दो लाख मुआवजा देने और कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि लगातार

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में एचआईवी पॉजिटिव महिला मरीज की पहचान सार्वजनिक करने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने पीड़िता को दो लाख रुपए का मुआवजा देने और दोषियों पर कार्रवाई करने कहा है। इससे पहले शासन की ओर से दिए गए शपथ पत्र में स्वीकार किया गया है इस तरह की गलती हुई और एक ट्रेनी नर्स की लापरवाही से ऐसा हुआ है। कोर्ट ने हिदायत देते हुए कहा है कि इस तरह की लापरवाही या गलती दुबारा नहीं होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि यह कृत्य न केवल अमानवीय है बल्कि नैतिकता और निजता के अधिकार का घोर उल्लंघन है। ध्यान रहे कि मामले में कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें। इसमें यह स्पष्ट किया जाए कि, सरकारी अस्पतालों, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### यह है पूरा मामला

दरअसल रायपुर के डा. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में नवजात शिशु के पास एक पोस्टर लगाया गया, जिसमें यह लिखा था कि बच्चे की मां एचआईवी पाजिटिव है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पोस्टर गाइनो वार्ड में भर्ती मां और नर्सरी वार्ड में रखे नवजात बच्चे के बीच लगाया गया ▶▶| शेष पेज 8 पर

1. शासन के शपथ पत्र में गलती स्वीकार की गई, ट्रेनी नर्स की लापरवाही बताया गया
2. रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में बच्चे के गले में लगाया था पोस्टर




### पहचान उजागर करना गंभीर चूक

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि यह कार्य सीधे तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, राज्य के इतने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह रोगियों के साथ अत्यधिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करे। एचआईवी/एड्स जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील मामलों में पहचान उजागर करना गंभीर चूक है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹92391/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹112840/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹123176/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ

B.PHARMACY
D.PHARMACY
M.PHARMACY

ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि 13-10-24 से 18-10-24 तक

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी

7222910441/30


### एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी जिससे दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। जंगमपल्ली में टिप्पर ट्रक की एक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन से टक्कर हो गई।

## शाह की डेडलाइन करीब आते-आते समर्पण का सिलसिला तेज, बड़े नक्सल नेता कर रहे आत्मसमर्पण

# छग, तेलंगाना और महाराष्ट्र में सरेंडर, 24 घंटे में 100 से ज्यादा नक्सलियों ने छोड़े हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कांकेर

खास खबर

गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद से ही नक्सलियों के समर्पण का सिलसिला शुरू हो चुका है। पिछले 24 घंटे के अंतराल में महाराष्ट्र, तेलगांना व छग में सौ से अधिक नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। अब तक का सबसे बड़ा समर्पण महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में हुआ, जहां बुधवार को पोलित ब्यूरो मेंबर और 6 करोड़ के ईनामी भूपति ने अपने 60 साथियों के साथ सीएम फडणवीस के सामने हथियार डाल दिया और ▶▶| शेष पेज 8 पर

### सुकमा में 27 नक्सली मुख्यधारा में हुए शामिल

सुकमा जिले में बुधवार को नक्सल मोर्चे पर बड़ा मोड़ आया, जब 50 लाख के इनामी समेत 27 सक्रिय माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की। इनमें पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के दो हार्डकोर नक्सली के अलावा एक डिविजन सदस्य, एक पार्टी सदस्य और 11 अन्य संगठन के सक्रिय कैडर शामिल हैं। इनमें 10 महिला और 17 पुरुष नक्सली शामिल हैं, ▶▶| शेष पेज 8 पर



'गन तंत्र' छोड़ लोकतंत्र के साथ, महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस से भूपति ने मिलाया हाथ

### 100 से ज्यादा नक्सली कर सकते हैं सरेंडर

इधर, दो दिनों से जंगल से यह खबर आ रही है कि कंपनी नंबर 5 और रावघाट एरिया कमेटी के लगभग 60 नक्सली कांकेर जिले के और बस्तर के अन्य जिलों से लगभग 100 नक्सली के समर्पण करने की बात सामने आ रही है। यह नक्सली जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव ▶▶| शेष पेज 8 पर

### *केवल तीन जिले ही नक्सलवाद से अब सर्वाधिक प्रभावित*

*नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अब छत्तीसगढ़ में केवल बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले हैं। मंत्रालय ने कहा, नक्सल-मुक्त भारत के निर्माण के मोदी सरकार के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ी सफलता के तहत नक्सलवाद* ▶▶| शेष पेज 8 पर

## धान बिकेगा एग्रीस्टेक और किसान पोर्टल से, ऋण पुस्तिका लाने की जरुरत नहीं

**सीएम साय ने कहा- हर अन्नदाता को परिश्रम का पूरा मूल्य मिले**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अपनी नई उपार्जन नीति 2025-26 जारी कर दी है। खास बात ये है कि इस बार धान खरीदी भारत सरकार कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टैक पंजीयन आईडी के आधार पर एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल में कराए पंजीयन फार्मर आईडी से होगा किसान लिंकिंग खरीदी एवं समिति में एग्रीस्टैक पंजीयन होने से समिति में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं होगी।

**पारदर्शिता, जवाबदेही, किसान हित सर्वोपरि- साय**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 8 पर

**ऐसी तैयारी**

- 31 मार्च 2026 तक धान उठाव की समय-सीमा
- पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल और पारदर्शी
- एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण व खरीदी
- बायोमेट्रिक सत्यापन से केवल वास्तविक किसान ही विक्रय कर सकेंगे
- टोकन प्रणाली से नियंत्रित एवं ▶▶| शेष पेज 8 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY

KIIT Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

KIIT is only 28 years old as an institution (1997 – 2025) and 22 years old as a university.

Organisation in Special Consultative Status with the United Nations Economic & Social Council (UN-ECOSOC)

THE World University Rankings 2026

KIIT placed globally in the Top 501 Cohort

Ranked 259th Globally in Academic Excellence

5th Best in India

Top Performer in India in Three Parameters

Industry Integration | International Outlook | Social Commitment — Strong alignment with SDG goals 4, 10 & 16

KIIT's Rank Over the Years




TIMES HIGHER EDUCATION SUMMARY STATEMENT

"KIIT's performance in THE (Times Higher Education) World University Rankings 2026 reflects a decade of transformation from Local Excellence to Global Excellence. The institution has demonstrated that a socially inclusive university from Odisha can compete with the world's finest through innovation, compassion, and quality education."

"Every state aspires to have an institution ranked among the top 500 globally. I am happy that KIIT, a 28-year-old institution (established in 1997) and a Deemed to be University for 22 years (declared in 2004), has been placed among the premier institutions and universities of the world in the 501 cohort. This accomplishment is a matter of pride for Odisha in particular, and for India as a whole."

*Achyuta Samanta (Founder-KIIT,KISS & KIMS)*

OTHER RANKINGS

17th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India — nirf 2025

A++ Grade Accrediated by NAAC

Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years — NBA National Board of Accreditation

1st in Odisha | 9th in India — Among private universities — QS World University Rankings 2026

ABET (US) Accreditation | IET The Institution of Engineering and Technology

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN Volunteers

KIIT-DU, Patia, Bhubaneswar, Odisha, India 751024 | kiit@kiit.ac.in | www.kiit.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.




डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA — हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 18 / Hin

## चिंतन

# अफगानिस्तान पर बार-बार हमले क्यों कर रहा पाक

अफगानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। झल्लाहट के हालात ये हैं कि उसने एक सप्ताह में लगातार दूसरी बार अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान कह रहा है कि वो तालिबान के लड़ाकों पर हमले कर रहा है, जो लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के तैमानी और स्पिन बोल्डक जिले के सिविलियन इलाके पर बमबारी की है। हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। इसके बाद आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान बॉर्डर पर टैंक भेज दिए हैं, जिसके चलते नए युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। जिस तालिबान को निशाना बनाकर पाक सेना हमले कर रही है, असल में वो तालिबान 1990 के दशक में एक छोटा समूह था, जो धार्मिक छात्रों से बना था, तालिबान के नाम का अर्थ ही होता है छात्रों का समूह। साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर फिर कब्जा कर लिया था और तब से ही तालिबान एक राष्ट्रीय सेना बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले उनकी ताकत सिर्फ लड़ाकों की थी, लेकिन अब वे एक संगठित फौज की तरह काम करते हैं। भले ही इस देश की सेना में सैनिकों की संख्या कम है लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठित रहना ही उसे अफगानिस्तान में मजबूत बनाती है। वैश्विक दबाव के कारण भले ही तालिबान की सेना आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन ग्लोबल पावर इंडेक्स 2025 बताता है कि उनकी रैंकिंग कम है, लेकिन स्थानीय युद्ध में वे खतरनाक हैं। ये वही सेना है जिसने अमेरिका जैसी महाशक्ति को अफगानिस्तान में पांव नहीं जमाने दिए। अब तो उनके समर्थन में अफगानिस्तान में टीटीपी के दो गुटों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक होने की घोषणा कर दी है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने घोषणा की है कि इसके दो समूह एक हो रहे हैं। इनमें से एक का नेतृत्व कुर्रम जिले के मुफ्ती अब्दुर रहमान कर रहे हैं, और दूसरा खैबर जिले की तिराह घाटी के कमांडर शेर खान हैं। इन दोनों कमांडरों ने टीटीपी की तरफ वफादारी की कसम खाई है। जो पाकिस्तान के लिए बड़ा सिर दर्द बन सकते हैं। असल में अफगान विदेश मंत्री के भारत दौरे के बाद से ही पाक बौखलाया हुआ है। उसे लग रहा है कि भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती पाकिस्तान के लिए परेशानी का कारण हो सकती है। अफगान विदेश मंत्री के इस बयान कि वो अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होने देंगे। इस बयान के बाद पाक की हड़बड़ाहट का आलम ये था कि पाक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि अफगानिस्तान, भारत का पुराना वफादार है। बस इसी के बाद से पाक अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। कभी बहाना टीटीपी है तो तालिबान। बहाना जो भी पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं होगा। अगर तालिबान अपनी पर आए तो पाक की ईंट से ईंट बजा देंगे।

# संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारतीय लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है 75 बरस पुराने इस लोकतंत्र ने देश के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत के राजनीतिक इतिहास पर गौर करें तो पचहत्तर बरस के इस यात्रा के दौर में लोकतंत्र ने संसद से लेकर सड़क तक सहमति और असहमति के अनेक आयाम देखे हैं। आज जब भारतीय उपमहाद्वीप में श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल जैसे देशों का लोकतंत्र भीड़तंत्र के अराजकता की भेंट चढ़ चुकी है तब भारतीय लोकतंत्र मजबूत और जनोन्मुखी बना हुआ है।किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार के खिलाफ आंदोलन और विरोध प्रदर्शन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार से असहमति की आवाज व्यवस्था की जड़ता को खत्म करता है। देश के राजनीतिक दलों, सत्ताधीशों और आम नागरिकों को यह बात जेहन में रखनी होगी कि देश को 'बरतानिया हुकूमत' से आंदोलन के जरिए ही मिली थी। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो सत्ता और आंदोलन के बीच टकराव और संवादहीनता लगातार बढ़ रहा है। दोनों पक्षों में टकराव के चलते जहां आंदोलन का स्वरूप हिंसक होने लगा है वहीं सत्ता प्रतिष्ठान भी आंदोलनों को ऐन-केन प्रकारेण खत्म करने की जुगत में है। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ महात्मा गांधी के सत्याग्रह के मूल में जहां सत्य और अहिंसा की राह थी वहीं उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान संवाद के दरवाजे हमेशा खुले रखे। गांधी मानते थे कि कि संवाद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सच्चाई, प्रेम और परस्पर सम्मान होता है। संवाद एक समावेशी प्रक्रिया है जहां विभिन्न पक्षों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होता है न कि केवल बहस। गांधी की सोच थी कि संवाद विविधता का सम्मान करता है, सहानुभूति को बढ़ावा देता है और नये संबंधों को विकसित करता है।

देश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो सत्ता और विपक्ष के बीच 'संवाद' का सेतु टूटते हुए नजर आ रहा है जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी है जो संसद में सत्ता के खिलाफ आम जनता की आवाज को मुखर करता है। संसद के बीते सत्रों पर गौर करें तो सत्ता और विपक्ष के टकराव और हंगामे की वजह से संसद की कार्रवाई अनुत्पादक ही रही है। सत्ता और विपक्ष के नेताओं के बीच आज वैचारिक 'मतभेद' की जगह वैमनस्यता पूर्ण 'मनभेद' का भाव उत्पन्न हो चुका है। बीते एक दशक पर गौर करें तो 'एनआरसी' और 'किसान आंदोलन' सहित कुछ आंदोलनों के दौरान सत्ता और आंदोलनकारियों के बीच टकराव के चलते जहां आंदोलन की दिशा हिंसक हुई है वहीं पुलिस कार्रवाई में प्रदर्शनकारियों की मौतें भी हुई है जो दुखद है। बीते 24 सितंबर को लद्दाख में जाने-माने एक्टिविस्ट, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के चार सूत्रीय मांगों को लेकर 35 दिनों के भूख हड़ताल के दौरान पंद्रहवें दिन उनका आंदोलन हिंसक हो गया। हिंसक प्रदर्शनकारियों ने जहां भाजपा कार्यालय में आगजनी की वहीं पुलिस कार्रवाई में चार लोगों की मौत हो गई घटना के बाद वांगचुक को गिरफ्तार किया गया है।अलबत्ता देश में राजनीतिक और गैर राजनीतिक आंदोलनों के दौरान पैदा हो रही हिंसा और गतिरोध के लिए सत्ता और आंदोलनकारी नेता दोनों पक्षों की हठधर्मिता ही जवाबदेह हैं।



गौरतलब है कि भारत युवाओं के जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है जहां की 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम आयु के लोगों की है। दरअसल युवा ही किसी देश के सबसे बड़े कार्यबल यानि " वर्क फोर्स" होते हैं जिनके कंधों पर देश और समाज का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव निर्भर होता है। आज के युवाओं के लिए सोशल बड़ा औजार है जिसके जरिए वे अपनी आवाज देश और दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। सोशल मीडिया की इसी ताकत का इस्तेमाल करते हुए देश के कुछ विपक्षी नेता, पत्रकार और पार्टी के आईटी सेल लद्दाख में हुए युवाओं के प्रदर्शन की तुलना नेपाल की खूनी 'जेन-जी' प्रदर्शन से करते दिखाई दिए। विडंबना है कि देश का एक वैचारिक समूह श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में हिंसा के जरिए सत्ता के तख्तापलट को उचित ठहराने से नहीं चूक रहा है बल्कि अपने विचारों के जरिए भारतीय युवाओं को इसके लिए उकसा रहा है लेकिन यह भारत में संभव नहीं है।

विचारणीय है कि भारत जैसे बहुधर्मी, बहुजातीय और बहुसंस्कृति और परंपरा वाले देश में असहमति या विरोध की अभिव्यक्ति हिंसा नहीं बल्कि चुनाव ही है। आजादी के बाद देश में जंगल और पर्यावरण संरक्षण , रोजगार, आरक्षण किसानों से संबंधित मांग, अलग राज्य निर्माण, स्वायत्तता की मांग, भ्रष्टाचार तथा अपराध के खिलाफ अनेक राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, जातीय और अलगाववादी आंदोलन हुए। इन आंदोलनों में छात्रों, युवाओं, किसानों और आम नागरिकों की भागीदारी रही। बेशक इन जनांदोलनों ने सत्ता की चूलें हिला दीं लेकिन सत्ता का बदलाव हिंसा नहीं बल्कि 'बैलेट' यानि चुनाव के जरिए ही संभव हुआ। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रजातंत्र में किसी भी राजनीतिक समस्या और सामाजिक न्याय का रास्ता 'बुलेट' यानि हिंसा नहीं बल्कि 'संवाद' और 'बैलेट' है। दूसरी ओर सत्ता प्रतिष्ठान को भी यह बात गांठ बांधनी होगी कि युवाओं और आंदोलनों के सवाल पर संवाद तथा समाधान का रास्ता अपनाए न कि कोई दमनात्मक कार्रवाई करे।

कालांतर में देश में अनेक गांधीवादी अहिंसक आंदोलन हुए हैं जिनमें जयप्रकाश नारायण की 'संपूर्ण क्रांति' अन्ना हजारे की 'अन्ना आंदोलन' और 'निर्भया आंदोलन' प्रमुख थे। इन आंदोलनों ने देश का राजनीतिक भूगोल बदल दिया। कुछ उग्रवादी समूहों के चरमपंथी आंदोलन भी हुए जिसमें व्यापक हिंसा हुई लेकिन इन आंदोलनों और समस्याओं का हल संवाद के जरिए ही संभव हुआ। विचारणीय है कि आंदोलनकारियों ने जब - जब संवाद की जगह बंदूक उठाया है तब-तब सुरक्षाबलों ने इसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। वर्तमान में सशस्त्र माओवादी आंदोलन शांति, विकास और लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। पूर्ववर्ती सरकारों ने माओवादियों से हिंसा छोड़कर संवाद और लोकतंत्र का हिस्सा बनने अनेकों बार पहल किया लेकिन नक्सली बंदूक और हिंसा छोड़ने सहमत ही नहीं थे ।अंततोगत्वा वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद को समूल नष्ट करने के लिए माओवादियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई को अंजाम दिया है जिसमें सुरक्षा बलों को काफी सफलता मिल रही है तथा नक्सलवाद के पैर उखड़ने लगे हैं।

देश में हुए आंदोलनों के इतिहास के पन्ने पलटें तो पंजाब के खालिस्तान आंदोलन, असम का छात्र और उल्फा आंदोलन, पूर्वोत्तर भारत के बोडो आंदोलन, दार्जिलिंग का गोरखालैंड जैसे हिंसक आंदोलन का खात्मा सरकार और आंदोलकारियों के बीच संवाद और समझौते से ही हुई है। केंद्र सरकार और कश्मीरी आवाम के बीच बढ़ते संवाद और भरोसे का ही परिणाम है कि अब पाक समर्थित अलगाववादी संगठनों के आतंकी हिंसा में भारी कमी आई है तथा घाटी में शांति और लोकतंत्र की बयार बह रही है।बहरहाल लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी पक्ष के लिए हिंसा, अराजकता, हठधर्मिता, टकराव और जड़ता के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रजातंत्र में जनआंदोलन ही जनता की आवाज है और यह उसका नागरिक अधिकार भी है। प्रसिद्ध गांधीवादी और समाजवादी नेता डॉ.राममनोहर लोहिया का भी विचार था कि 'अगर सड़कें खामोश हो जाएं तो संसद आवारा हो जाएगी'। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के मजदूरों और ग्रामीणों के हाथों काम, भूखे पेट में भोजन, सरकार से जानने का हक,नदियों और जंगलों की रक्षा,आदिवासियों और दलितों के मौलिक अधिकारों की रक्षा जनांदोलनों से ही संभव हुआ है। अलबत्ता 75 बरस बूढ़े लोकतंत्र की जीवंतता के लिए सरकार और जनता दोनों को हठधर्मिता और नकारात्मकता त्याग कर 'संवाद' का दरवाजा हमेशा खुला रखना होगा क्योंकि संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## संघ शताब्दी वर्ष

डा. मार्कन्डेय आहूजा



# ऐसी अक्षय ध्येयनिष्ठा को ईश्वर भी अनदेखा नहीं कर सकता

तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" वाक्य में दार्शनिक, आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक एवं साधनात्मक गहराई है, और जब इसे भगवद् गीता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह योग, ध्यान, और आत्मनिष्ठा के सार को प्रकट करता है। तद्-अन्तः - उस (ईश्वर, सत्य या ब्रह्म) के भीतर; स्फुरत् - चमकने वाला, प्रकाशित अक्षया - अविनाशी, क्षय-रहित ध्येयनिष्ठा - ध्यान का दृढ़ आधार, एकनिष्ठ ध्यान। भगवद् गीता में यह भाव विशेष रूप से कई श्लोकों से जुड़ता है जैसे तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।"अध्याय 8, श्लोक 7) "इसलिए, हे अर्जुन! हर समय मेरा स्मरण करते हुए युद्ध कर।" यहाँ भगवान श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जीवन का हर कर्म ईश्वरनिष्ठ ध्यान में परिवर्तित हो सकता है, यदि मन के भीतर वह अक्षय ध्येय अर्थात् ईश्वर निरंतर स्फुरित रहे। जब मन संसार के नाशवान विषयों में उलझता है, तब उसकी शक्ति क्षीण होती है पर जब ध्यान का केंद्र अक्षय तत्व आत्मा या परमात्मा बनता है, तब वह शक्ति स्फुरित हो उठती है। इस अवस्था में व्यक्ति ध्येयनिष्ठ कहलाता है यानि जिसका ध्यान अडिग और अचल है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह में था, तब उसका ध्यान नाशवान रिश्तों और परिणामों पर था। पर जब कृष्ण ने उसे गीता का उपदेश दिया ,"मांनुस्मर युध्य च" तब उसके भीतर वही 'तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा' जागी। उसने कृष्ण में ही सब कुछ देखना शुरू किया, तब युद्ध भी साधना बन गया। अब वह भीतर से प्रकाशित हो चुका था, जैसे सूर्य बादलों को चीरकर स्वयं प्रकट होता है। मीरा बाई का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। जब समस्त संसार ने उन्हें ठुकराया, तो उनके भीतर केवल एक ही स्फुरण शेष था "श्याम मेरा एको ध्येय।" उनकी ध्येयनिष्ठा इतनी अक्षय थी कि विष का प्याला भी अमृत बन गया। यह वही अवस्था है जहां भीतर अविनाशी चेतना का प्रकाश हर पीड़ा से तुच्छ है जैसे कोई वैज्ञानिक वर्षों तक एक सिद्धांत पर ध्यान लगाता है, वह बाहरी सफलता या असफलता से नहीं डगमगाता क्योंकि उसके भीतर ध्येय की अक्षय ज्योति जलती रहती है। जब वह ज्योति स्फुरित रहती है, तो बाहरी बाधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। यह भी एक रूप है ध्येयनिष्ठा का। राजा जनक योगी भी थे और राजा भी। उनके महल में वैभव था, पर भीतर एकाग्रता अक्षय थी। जब किसी ने पूछा, "राजकाज में लिप्त होकर भी आप योगी कैसे हैं?" जनक ने कहा ,"मेरे कर्म बाहर हैं, पर मेरा ध्यान भीतर है। मैं कर्म नहीं करता, कर्म मुझमें होता है।" यही ध्येय-निष्ठा का अक्षय रूप है। आज भी यह सूत्र अत्यंत प्रासंगिक है। हम चाहे काम में हों, परिवार में हों, संघर्ष में हों -यदि भीतर एक स्थायी ज्योति, एक शांत ध्येय स्फुरित है, तो जीवन साधना बन जाता है। जैसे कोई डॉक्टर अपनी सेवा में ईश्वर को देखे। कोई शिक्षक हर छात्र में चेतना का विस्तार देखे। कोई कलाकार हर रचना में सत्य की झलक खोजे। तब वे कर्म नहीं करते, बल्कि "ध्येय की निष्ठा" में रहते हैं।उनका ध्यान अक्षय हो जाता है। "ध्येय में स्फुरण" के वैज्ञानिक रूप डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा "सपना वह नहीं जो तुम नींद में देखते हो,सपना वह है जो तुम्हें सोने नहीं देता।" कलाम का जीवन "तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" का आधुनिक प्रतिरूप है।उनके भीतर विज्ञान और राष्ट्रसेवा का एक अविनाशी ध्येय स्फुरित था। कठिन परिस्थितियों, असफलताओं, सीमित साधनों के बावजूद उनका ध्यान 'भारत को आत्मनिर्भर बनाना' था। वे बार-बार असफल हुए, पर उनकी निष्ठा कभी क्षीण नहीं हुई ; वह अक्षय थी। गीता का समान भावः योगस्थः कुरु कर्माणि, संगं त्यक्त्वा धनंजय।" कर्म करो, पर सफलता-असफलता से आसक्त मत हो। कलाम का विज्ञान उसी कर्मयोग का उदाहरण है। वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग की देह लगभग निष्क्रिय हो गई थी, पर उनके भीतर ज्ञान का प्रकाश स्फुरित था। वह अक्षय था वह मनोबल ही उन्हें "ब्लैक होल्स " के रहस्य तक ले गया। उन्होंने कहा ,"मेरा शरीर सीमित है,लेकिन मेरा मन सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की कल्पना करने के लिए स्वतंत्र है।" यह वही अवस्था है जहाँ भीतर की चेतना बाहरी सीमाओं पर विजय पाती है। 'ध्येयनिष्ठ' वैज्ञानिक डॉ. होमी जे. भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई भारत के वैज्ञानिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। सीमित संसाधन, विदेशी दबावों, और आलोचना के बावजूद उन्होंने भारत को अंतरिक्ष और परमाणु शक्ति के मार्ग पर स्थापित किया। उनका ध्येय केवल "तकनीक" नहीं था बल्कि "राष्ट्र की आत्मनिर्भर चेतना।" गीता में कहा है "यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।" जो मुझे हर जगह देखता है, उसका ध्यान कभी नष्ट नहीं होता। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का कहना है कि जब ध्यान न किया जाए, बल्कि ध्यान "होने लगे" वही है : तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा।

(लेखक चिकित्सक एवं शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित
**दर्शन**

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा डा. कलाम

हर साल 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व विद्यार्थी दिवस केवल डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती नहीं है, बल्कि यह दिन हर विद्यार्थी और नागरिक के लिए आत्ममंथन का अवसर है। डा. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी शुरुआत छोटी नहीं होती, अगर उसमें सपनों की आग और समर्पण की ठंडक हो। रामेश्वरम की एक साधारण गलियों में अख़बार बेचने वाला बालक जब भारत का मिसाइल मैन और बाद में देश का राष्ट्रपति बना, तो उसने न केवल सफलता की परिभाषा बदली, बल्कि यह सिखाया कि सच्ची शिक्षा वह है जो इनसान को बेहतर इनसान बनाती है। वह आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा थे। वह विनम्रता, ईमानदारी और कर्त्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। *– प्रदीप साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जैसलमेर बस हादसा



जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### क़ानून का उल्लंघन



क़ानून का उल्लंघन जब अधिकारी करेंगे तो अधिकारियों और उन अपराधियों में क्या अंतर रह जाएगा जो क़ानून तोड़ते हैं। शासन-प्रशासन विधि पर आधारित होना चाहिए किसी की मनमानी पर नहीं। भाजपा ने भ्रष्टाचारीकरण करके, प्रशासन को निरंकुश बना दिया है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### केदारनाथ धाम की चढ़ाई



केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।
**- गौतम अदाणी, उद्यमी**

### ब्रह्मांड की प्रतिक्रिया




आप जो करते हैं और जो किया जाता है, उसके बीच एक पूरा ब्रहमांड है। उस ब्रहमांड में जुनून, इरादा....हृदय... निहित है, क्योंकि ब्रहमांड हृदय के प्रति, आपके मन की तुलना में कहीं अधिक प्रतिक्रिया करता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# दुबई में मसालों से सबसे बड़ी रंगोली बनाई गई

संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में 'सबसे बड़ी' रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। छह मीटर लंबाई और छह मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलोग्राम से अधिक विभिन्न मसालों का उपयोग करके तैयार किया गया। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया। इसका 'दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट' (डीएफआरई) द्वारा शहर भर में आयोजित दिवाली कार्यक्रमों के तहत एक विशेष समारोह में हाल में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत (पासपोर्ट) सुनील कुमार और डीएफआरई के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में एकजुटता, संस्कृति और समुदाय की भावना का प्रदर्शन किया गया।



## ऑफ बीट

# क्या पालतू जानवर को चूमना ठीक है?

हाल के दशकों में पालतू जानवरों के साथ हमारे रिश्ते में काफी बदलाव आया है। पालतू जानवरों को पालने का चलन बढ़ा है। हम पालतू जानवरों की देखभाल पर हर साल अनुमानित रूप से 33 अरब डॉलर खर्च करते हैं। पालतू जानवर रखना कई मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है, लेकिन हमारे पालतू जानवर संक्रामक रोगों को भी आश्रय दे सकते हैं जो कभी-कभी हम तक भी पहुंच सकते हैं। अधिकांश लोगों के लिए, जोखिम कम है। लेकिन गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को जानवरों से बीमार होने का अधिक खतरा होता है। इसलिए, जोखिमों को जानना और संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। पालतू जानवरों से कौन सी बीमारियां हो सकती हैं? जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाले संक्रामक रोगों को जूनोटिक रोग या जूनोज कहा जाता है। यह ज्ञात है कि साथ रहने वाले जानवरों के 70 से अधिक रोगाणु लोगों में फैल सकते हैं। कभी-कभी, पालतू जानवर जिसमें जूनोटिक रोगाणु होता है वह बीमार लग सकता है। लेकिन अक्सर कोई दृश्यमान लक्षण नहीं हो सकता है, जिससे आपके लिए संक्रमित होने का जोखिम बढ़ जाता है, क्योंकि आपको अपने पालतू जानवर में रोगाणु के आश्रय होने का संदेह नहीं होता है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**बिलासपुर**

**गुरुवार 16 अक्टूबर 2025**

कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी

वर्ष : 25, अंक : 204

पृष्ठ : 14+4+6 = 24 मूल्य : 5.00***


**मौसम**

अधि. 31.8

न्यून. 22.5


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7 यूरोप से इंग्लैंड ने सबसे पहले बनाई ...



विचार पेज

संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है







## खबर संक्षेप

### आईपीएस पूरन का आठ दिन बाद अंतिम संस्कार



**चंडीगढ़।** हरियाणा में आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी वाई पूरण कुमार द्वारा कथित रूप से आत्महत्या किए जाने के आठ दिन बाद बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले कुमार के शव का पीजीआईएमईआर में पोस्टमार्टम किया गया। उनकी पत्नी ने मामले की निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताई है।

### बस अग्निकांड के बाद दो अफसर सस्पेंड

**जयपुर।** राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। अग्निकांड में मृतकों की संख्या 21 हो गई है। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था। बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया।

### सीजेआई बोले- पर्यावरण से समझौता नहीं, अपनानी होगी बैलेंस अप्रोच

# दिवाली पर 'सुप्रीम सौगात', शर्तों के साथ दिल्ली में चलेंगे हरित पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*दिवाली से पहले एक महत्वपूर्ण राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरित पटाखों की बिक्री और उनके इस्तेमाल की अनुमति दे दी। हालांकि, यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है, जिनका उद्देश्य परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण और जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना है।*

सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हरित पटाखों का उपयोग दिवाली और उससे एक दिन पहले कुछ घंटों तक ही किया जा सकेगा। हालांकि, 18 से 20 अक्टूबर को दिवाली वाले दिन तक हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। उसने यह भी कहा कि छूट केवल प्रायोगिक आधार पर दी गयी है और यह केवल निर्दिष्ट अवधि के लिए होगी।

- केंद्र और दिल्ली सरकार की याचिका पर कोर्ट ने दी राहत
- 18 से 20 अक्टूबर तक बिक्री और फोड़ने की मंजूरी

सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त अनुरोध और 2024 में दिल्ली सरकार द्वारा पहले लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के मद्देनजर छूट देने का अनुरोध करने वाले हरित पटाखों के विनिर्माताओं की याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत ने कहा, ▶▶|शेष पेज 8 पर

**कोर्ट की पांच शर्तें**

- गश्ती दल ग्रीन पटाखे बनाने वाले हर निर्माताओं की नियमित जांच करेगा
- ग्रीन पटाखों के डिब्बों पर लगे क्यूआर कोड वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे
- एनसीआर क्षेत्र में कोई भी पटाखा लाने की इजाजत नहीं होगी
- अगर नकली पटाखे पाए जाते हैं, तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा
- 18 अक्टूबर से वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी



### पटाखा तस्करी से पर्यावरण को बड़ा नुकसान

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से पटाखों की बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही पीठ ने कहा कि अतीत में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के कारण उच्च उत्सर्जन वाले पटाखों की तस्करी हुई और इससे पर्यावरण को और भी अधिक नुकसान हुआ।

### कोर्ट ने मांगा एक्यूआई का डाटा

सीजेआई गवई ने आदेश में कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 18 अक्टूबर से एनसीआर में एक्यूआई की निगरानी करेंगे और इस अदालत को रिपोर्ट दाखिल करेंगे।

### इधर, शिवकाशी के पटाखा निर्माता बोले-सभी राज्य फोड़ेंगे हरित पटाखे

**चेन्नई।** शिवकाशी के पटाखा निर्माताओं ने कहा है कि सिर्फ दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं बल्कि सभी राज्यों में हरित पटाखों का उपयोग किया जाएगा, क्योंकि उनमें से अधिकांश ने अब इन्हें ही विशेष रूप से बनाना शुरू कर दिया है। शिवकाशी की श्री बालाजी फायर वर्क्स इंडस्ट्रीज के मालिक आर बालाजी ने कहा कि मौजूदा फॉर्मूले में केवल योजक जोड़ने का काम होने के कारण, हरित पटाखों में बदलाव करना आसान था। आर बालाजी ने कहा, पिछले चार वर्षों से हम अपनी फैक्ट्री में 100 प्रतिशत हरित पटाखे बना रहे हैं।

### मशहूर अभिनेता का 68 वर्ष की आयु में निधन

# 'महाभारत' के कर्ण पंकज ने दुनिया को कहा अलविदा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीआर चोपड़ा के मशहूर धारावाहिक 'महाभारत' में कर्ण और 'चंद्रकांता' में राजा शिवदत्त की भूमिका निभाने के लिए मशहूर टेलीविजन अभिनेता पंकज धीर का कैंसर के चलते 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। धीर के मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया, आज सुबह कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। पिछले कुछ महीनों में उन्हें कई बार अस्पताल जाना पड़ा। उनका अंतिम संस्कार आज शाम में किया जाएगा। पंजाब से ताल्लुक रखने वाले धीर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### धीर की इंस्टाग्राम पर आखिरी तस्वीर

68 साल की उम्र में दुनिया छोड़ने वाले पंकज धीर सोशल मीडिया का इस्तेमाल बहुत कम करते थे। इंस्टाग्राम पर उन्होंने गिनती की पोस्ट की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट 9 मई 2020 को किया था। इसमें उन्होंने अपनी जवानी के दिनों की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की थी। वहीं, उनके आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट की बात करें तो वो पोस्ट उन्होंने 16 जून 2024 को की थी।





BILASPUR: Tirupati Balaji Motors: 9303892090 | Yamaha World: 9893436066, 7415020526 | Saubhagy Auto Centre - Raigarh: 8963908216, 7987570733 | MJ Enterprises - Ambikapur: 8818889060, 8818880906 | Chandra Enterprises: 8815186010 Sangyan Motors - Korba: 6263705282, 07759469784 | Yamaha World - Pendra Road: 9109246510 | Raja Yamaha - Churcha: 8518924795 | Balaji Motors - Mungeli: 8889434595.



होम क्लीनिंग या घरेलू काम के दौरान पानी और डिटर्जेंट के संपर्क में ज्यादा रहने से पेरोनाइकिया इंफेक्शन होने का रिस्क रहता है। इसकी क्या वजहें हैं, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में बता रहे हैं विस्तार से।

## होम क्लीनिंग के दौरान ना बरतें लापरवाही

प्रिकॉशन

शिखर चंद जैन



दीपावली से पहले हर घर में साफ-सफाई, बरतन, कपड़े आदि धोने के लिए बार-बार पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण हाथ या पैर की अंगुलियों में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इस इंफेक्शन के कारण होने वाला रोग है पेरोनाइकिया। चूंकि होम क्लीनिंग के काम ज्यादातर महिलाएं करती हैं, इसलिए इससे महिलाओं के इंफेक्टेड होने की आशंका अधिक होती है।

**क्या है पेरोनाइकिया:** पेरोनाइकिया या पेरोनिसिया त्वचा का इंफेक्शन है, जो नाखूनों के चारों तरफ होता है। इस इंफेक्शन का कारण बैक्टीरिया या यीस्ट का एक प्रकार (जिसे कैंडिडा कहा जाता है) है। यह इंफेक्शन बैक्टीरिया और यीस्ट के मेल से भी होता है।

**पेरोनाइकिया के प्रकार:** यह मूल रूप से दो प्रकार का होता है।





**एक्यूट पेरोनिसिया:** इस तरह के पेरोनिसिया एकदम से होता है और लंबे समय तक रहता है, खासतौर पर यह अंगुलियों में होता है।

**क्रॉनिक पेरोनिसिया:** क्रॉनिक पेरोनिसिया, अंगुलियों और अंगूठे दोनों में हो सकता है। यह या तो जल्दी ठीक नहीं होता या होकर फिर हो जाता है।

**रोग का कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। इस समस्या का एक कारण अपने नाखूनों को काटना या चबाना है लेकिन अधिकतर यह समस्या गीले में यानी पानी के संपर्क में अधिक समय रहने या केमिकल की उपस्थिति में काम करने के कारण होती है। पानी, डिटर्जेंट, साबुन, सोडा, तेल, मसाला और इरिटेंट चीजों के संपर्क में ज्यादा समय तक रहने पर हाथ, पैर की अंगुली के नाखून के पास क्युटिकल का धीरे धीरे क्षरण हो जाता है। कभी-कभी पूरा क्युटिकल समाप्त हो जाता है। क्युटिकल किरेटिन नामक प्रोटीन की एक सीलिंग होती है। यह नेल प्लेट और नेल फोल्ड के अग्रभाग को जोड़ता है। यह नाखून की जड़ों में किसी भी हानिकारक केमिकल, बैक्टीरिया, अवयव आदि को जाने से रोकता है। इसके क्षरण से केमिकल, बैक्टीरिया, फंगस आदि जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा लाल होकर सूज जाती है। कई बार वहां मवाद भी भर जाता है। इसे पेरोनाइकिअस एब्सेस कहते हैं। इसके बढ़ जाने पर पायोजेनिक ग्रेनुलोमा होता है। इन कारणों से कभी हल्का तो कभी तेज दर्द होता है।

**डायबिटिक पेशेंट को ज्यादा खतरा:** डायबिटीज रोगियों मे यह समस्या सेलुलाइटिस का रूप ले सकती है। यह समस्या स्टेफाइलोकोकस और कोरिनेफॉर्म बैक्टीरिया और केंडाइडा फंगस के कारण होती है। अंगुली के बीच में पानी लगने के कारण केंडिडा फंगस के कारण ही अंगुलियों के बीच में लाल सफ़ेद चकत्ते हो जाते हैं। इसमें तेज खुजली भी होती है।

**सावधानी है जरूरी:** इस समस्या से बचने के लिए आप यहां बताई जा रही सावधानियां बरत सकते हैं।

- ज्यादा पानी के संपर्क में ना रहें।
- कपड़ा धोने और बरतन धोने के लिए दस्तानों का प्रयोग करें।
- शुरू में ही नेल क्युटिकल डैमेज को पहचान कर एंटी फंगल और एंटीबायोटिक क्रीम का उपयोग करें।
- नाखून मजबूत करने के लिए बायोटीन पोषक तत्व वाले फूड्स का सेवन करें।

**ट्रीटमेंट:** ऐसे इंफेक्शन के मामलों में डॉक्टर ओफ्लॉक्सासिन, ओरनीडाजॉल, एमॉक्सीक्लेम आदि एंटीबायोटिक दवाएं खाने के लिए देते हैं। ओरल एंटी-फंगल जैसे इंट्राकोनाजॉल, फ्लूकोनाजॉल आदि भी दी जाती है। इसके साथ ही एंटीबायोटिक और एंटी फंगल क्रीम भी दे सकते हैं। कोई भी दवा डॉक्टर की सलाह से ही सेवन करें। *

**(त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किंशुक सामंत से बातचीत पर आधारित)**

## दीपावली स्पेशल

अवेयरनेस

बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग सभी दीपावली पूरे उत्साह से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन सेलिब्रेशन के साथ अपनी सुरक्षा और हेल्थ केयर के बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है। ऐसा न करने से आपको चोट लग सकती है या आपकी हेल्थ बिगड़ सकती है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों की हेल्थ को लेकर अधिक अवेयर रहना चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स आपको दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## दीपावली जरूर करें सेलिब्रेट हेल्थ की भी करें प्रॉपर केयर







दीपावली का त्योहार खुशियों और रोशनी का प्रतीक है। घरों में मिठाइयों और पटाखों की रौनक हर उम्र के लोगों को उत्साह से भर देती है। लेकिन इस दौरान पटाखों से होने वाले धुएं और ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दीपावली में सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना उत्सव का आनंद लेना। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्किन-आइज की सुरक्षा

दीपावली में की जाने वाली आतिशबाजी से स्किन और आइज की सुरक्षा कैसे करें, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-डर्मेटोलॉजी, **डॉ. संदीप अरोड़ा** कहते हैं, 'दीपावली पर फुलझड़ियों, रॉकेट, चकरी और अनार जैसी तमाम आतिशबाजियों से निकलने वाला धुआं, तेज चमक और उच्च ताप बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और त्वचा दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है। छोटे बच्चों की आंखें नाजुक होती हैं और बुजुर्गों की आंखें उम्र के साथ संवेदनशील हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान विशेष सावधानी रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनने को कहें। जब वे पटाखे जलाएं या आतिशबाजी देख रहे हों तो इसमें लापरवाही ना बरतें, इसके लिए पैरेंट्स उनके साथ रहें। बुजुर्गों को भी धुएं और तेज रोशनी आवाज वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहें। अगर किसी की आंखों में धुआं, धूल या पटाखों की चमक से जलन, खुजली या लालिमा हो जाए तो तुरंत ठंडे पानी से आंखों को धोएं और लगातार समस्या बनी रहने पर डॉक्टर से संपर्क करें। इसके साथ ही, पटाखों और धुएं से निकलने वाली गर्मी और रसायन बच्चों और बुजुर्गों की त्वचा को प्रभावित कर सकते हैं। खासकर अधजले हुए पटाखों के संपर्क में आने से जलन, लालिमा या सूखापन हो सकता है। इसलिए हाथों और खुले हिस्सों पर हल्का मॉयश्चराइज़र या हैंड क्रीम लगाना जरूरी है। पटाखे जलाने के बाद हाथों और चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें। यदि त्वचा में लालिमा, खुजली या जलन बनी रहे तो तुरंत ठंडे पानी से साफ करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह लें। इस तरह सावधानी बरतकर बच्चों और बुजुर्गों की आंखें और स्किन सुरक्षित रहेंगे और दीपावली का उत्सव बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के मनाया जा सकता है।'




### वायु प्रदूषण से करें बचाव

दीपावली पर पटाखों से निकलने वाला धुआं न केवल वातावरण में प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सांस की सेहत पर भी असर डाल सकता है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, कानपुर में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. संदीप कटियार** कहते हैं, 'छोटे बच्चों की फेफड़ों की क्षमता अभी पूरी तरह विकसित नहीं होती और बुजुर्गों के फेफड़े उम्र के साथ कमजोर हो सकते हैं। इसलिए इन दोनों को विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। घर में हमेशा खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें ताकि बाहर का धुआं अंदर न आए और घर के अंदर के वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। अगर बाहर जाना अनिवार्य हो तो मास्क पहनना बेहद जरूरी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए, ताकि हवा में मौजूद हानिकारक कण फेफड़ों में न जाएं। इसके साथ ही, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन हल्का और पचने वाला होना चाहिए, जैसे दलिया, खिचड़ी, सलाद और फल, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और पाचन बेहतर हो। इस तरह की सावधानी से दीपावली के उत्सव का आनंद लेने के साथ-साथ सांस और फेफड़ों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।'

### खान-पान और हाइड्रेशन

दीपावली में मिठाइयों और तली-भुनी चीजों का ज्यादा सेवन पाचन और शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर में कंसलटेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** सलाह देते हैं, 'बच्चों को कम मात्रा में मिठाई दें और तली-भुनी चीजों के बजाय भुने चने, मखाने या ड्राय फ्रूट्स खिलाएं। बुजुर्गों को भी सीमित मात्रा में मीठे और तले भुने व्यंजन खाने चाहिए। उनके लिए हल्का भोजन जैसे दाल, खिचड़ी, सलाद और फल बेहतर विकल्प हैं। उनके लिए दिनभर में 6-8 गिलास पानी पीना और नींद पूरी करना भी जरूरी है।'

### पटाखे जलाते समय रहें सावधान



**पटाखे दीपावली** का अहम हिस्सा हैं और हर उम्र के लोग इनका आनंद उठाते हैं। लेकिन इन्हें जलाते समय कुछ सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। बच्चों को कभी भी अकेले पटाखे जलाने न दें और हमेशा जिम्मेदार वयस्क की निगरानी में आतिशबाजी करने को कहें ताकि कोई दुर्घटना या चोट न लगे। फर्स्ट एड किट रेडी रखें। आतिशबाजियों को हमेशा खुली जगह और सुरक्षित दूरी पर जलाएं, ताकि आस-पास मौजूद लोग, बच्चे या घर के सामान सुरक्षित रहें। जलते पटाखों को हाथ में सीधे न पकड़ें और उन्हें कभी भी किसी सूखी घास, लकड़ी या ज्वलनशील वस्तु के पास न जलाएं, क्योंकि इससे आग लगने का गंभीर खतरा हो सकता है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को धुएं के सीधे संपर्क से बचाना बहुत जरूरी है, क्योंकि पटाखों का धुआं सांस की तकलीफ, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पटाखे जलाने के बाद जले हुए अवशेषों को तुरंत साफ कर देना चाहिए ताकि कोई गलती से उन पर पैर न रख दे या आग न लग जाए। इन सावधानियों का पालन करने से न केवल दीपावली का उत्सव सुरक्षित और आनंदमय बनता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा सकता है।

### इनका भी रखें ध्यान

दीपावली पर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधान रहने को कहें और हमेशा सुरक्षित दूरी पर रहें, इसके लिए पैरेंट्स एलर्ट रहें। बुजुर्गों को भीड़ और धुएं वाले इलाकों से दूर रहने को कहें। पटाखों और धुएं वाले क्षेत्र में संयम रखना जरूरी है ताकि कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य समस्या न उत्पन्न हो। किसी भी आकस्मिक चोट या जलन से निपटने के लिए घर में हमेशा फर्स्ट-एड किट, ठंडा पानी और बर्फ के पैक रखना चाहिए। अगर किसी को पटाखों या धुएं से जलन, या हल्की चोट लग जाए तो तुरंत गुनगुने पानी से प्रभावित हिस्से को धोएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को किसी भी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न दें, क्योंकि गलत दवा गंभीर परेशानी पैदा कर सकती है।



दीपावली का असली मजा तभी है, जब रोशनी के साथ सेहत भी बनी रहे। बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और फेफड़ों की सुरक्षा, स्किन का ख्याल और संतुलित खान-पान का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना पटाखों और मिठाइयों का आनंद लेना। सावधान रहें-सुरक्षित दीपावली मनाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

डॉक्टर्स एडवाइस



**डॉ. सुदीप जैन**
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया, दिल्ली

स्पेशल: स्पाइन-डे, 16 अक्टूबर

हमारे शरीर का पूरा ढांचा रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर टिका होता है। लेकिन हाल के वर्षों में स्पाइन प्रॉब्लम्स के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। इसकी वजहें, इसके रोगों के प्रकार, इनके लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में यहां जानिए विस्तार से।

## स्पाइन हेल्थ के लिए लाइफस्टाइल रखें सही



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की समस्याओं के तमाम कारण हो सकते हैं, लेकिन अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी स्पाइन संबंधी समस्या का एक प्रमुख कारण है। दिनों-दिन रीढ़ से संबंधित समस्याएं दुनिया भर में बढ़ती जा रही हैं और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। सच तो यह है कि रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) पर हमारे शरीर की बुनियाद खड़ी होती है। स्पाइन के तीन प्रमुख भाग हैं। पहला, सर्वाइकल (गर्दन), दूसरा थोरेसिक (छाती) और लंबर (कमर का निचला भाग)। स्पाइन में स्थित तंत्रिकाएं (नर्व) दिमाग से संपूर्ण शरीर तक संदेश पहुंचाती हैं। बावजूद इसके, आमतौर पर लोग स्पाइन के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते।

**स्पाइन प्रॉब्लम्स के लक्षण:** कमर में दर्द और जकड़न महसूस करना। अधिकतर मामलों में यह दर्द कमर के निचले हिस्से यानी लंबर में ज्यादा होता है। गर्दन में जकड़न या दर्द। अनेक लोगों में कमर और गर्दन से संबंधित दर्द दिन की बजाय रात में ज्यादा होता है। कुछ लोग दर्द की समस्या कमर से लेकर कूल्हों तक महसूस करते हैं। अनेक लोगों में व्यायाम करने के बाद या फिर चलने-फिरने की स्थिति में कमर व गर्दन दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

**समस्याओं के कारण:** अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, जिसके अंतर्गत व्यायाम न करना, मोटापा और गलत खान-पान आदि कई कारण शुमार हैं। इन दिनों स्पाइन संबंधी समस्याओं का एक प्रमुख कारण है गलत पोस्चर्स में बैठना, लेटना। आमतौर पर लोग लैपटॉप या कंप्यूटर पर कार्य करते समय या टेलीविजन देखते वक्त रीढ़ की हड्डी को नेचुरल कर्व में नहीं रखते। एक उम्र के बाद हड्डियों में क्षरण प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का चलना-फिरना और उसकी सक्रियता कम होने लगती है। दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और आनुवंशिक कारण भी हो सकते हैं।

**साइटिका या सियाटिका:** रीढ़ की हड्डी की यह समस्या शरीर की सबसे लंबी नस (नर्व), साइटिक से संबंधित है। साइटिका से संबंधित दर्द कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर पैरों तक उतर जाता है। यह दर्द आमतौर पर मरीज के शरीर के एक तरफ वाले भाग जैसे बाएं भाग या दाहिने भाग को प्रभावित करता है। बेशक साइटिका का दर्द दूर हो सकता है। इसे दवाओं के अलावा बर्फ से सिंकाई करने, गर्म सेंक, स्ट्रेचिंग और फिजियोथेरेपी आदि से दूर किया जा सकता है। जब इन सब से मरीज को राहत नहीं मिलती तब सर्जरी का सहारा लिया जाता है।

**स्पाइनल कॉर्ड इंजरी:** जब किसी चोट, आघात या दुर्घटना के कारण 'स्पाइनल कैनाल' में स्थित नसों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है तो इसे स्पाइनल कॉर्ड इंजरी कहा जाता है।

**स्पाइनल अर्थराइटिस:** इस प्रकार के स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस में कार्टिलेज को नुकसान पहुंचता है, जिसके कारण प्रभावित वर्टिब्रा, स्पाइन की अन्य वर्टिब्रा के संपर्क में आती है। नतीजतन, पीड़ित व्यक्ति को दर्द महसूस होता है।

**हर्निएटेड डिस्क:** प्रत्येक वर्टिब्रा के बीच डिस्क होती है, जिसके कारण एक वर्टिब्रा दूसरी से आपस में टकराती नहीं है। बावजूद इसके, कुछ कारणो से डिस्क पर प्रभाव पड़ता है और बहुत ज्यादा दबाव पड़ने पर डिस्क क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके कारण रीढ़ की हड्डी में दर्द उत्पन्न होता है।

**स्पाइनल स्टेनोसिस:** जब रीढ़ की हड्डी में मौजूद नसों की जगह सिकुड़ जाती है, तब इस स्थिति में नसों पर दबाव पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, हाथ व पैरों में कमजोरी आदि का एहसास होता है।

**स्कोलियोसिस:** इस समस्या में रीढ़ की हड्डी की बनावट में बदलाव आ जाता है। आमतौर पर बच्चों पर इसका प्रभाव ज्यादा पड़ता है।

**एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस:** इस समस्या में कमर के निचले भाग और कूल्हों की तरफ दर्द महसूस होता है। इसके अलावा यह दर्द शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए यहां बताई जा रही बातें मददगार हो सकती हैं।

**संतुलित-पौष्टिक खाना:** हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं।

**डेयरी उत्पादों का सेवन:** अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें।

**फिश ऑयल:** फिश ऑयल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी रीढ़ और इससे संबंधित नाड़ियों (नर्व) को शक्ति प्रदान करता है और इसके साथ ही यह विटामिन-डी का भी अच्छा स्रोत है।

**जरूरी है योग-व्यायाम:** विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरूआत किसी योग विशेषज्ञ के परामर्श से ही करें।

ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ और बातों पर गौर करें।

- ज्यादा समय तक सीधा खड़े रहने का प्रयास करें।
- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- देर तक सोफे पर या किसी अन्य फर्नीचर पर झुककर बैठने से बचें।
- खड़े होते समय कंधे झुके हुए न रहें, इन्हें सीधा रखें। गर्दन सीधी हो और सिर सीधा सामने की ओर रहे। ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव और दबाव नहीं पड़ता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



# डॉ. रमन के जन्मदिन पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के 73वें जन्मदिन पर रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इनमें राज्यपाल रमेन डेका ने जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री साय सहित उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मुलाकात कर जन्म दिन की बधाई दी। बधाई देने वालों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्रियों में ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, सांसद बृजमोहन अग्रवान, संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित कई बड़े नेता, विधायक, अफसर भी शामिल हुए। सुबह से ही उनके शासकीय आवास के पास गाड़ियों की कतारें लगी रहीं। वहां से लेकर गांधी उद्यान तक सड़क जाम की स्थिति बन गई थी। दोपहर बाद भीड़ छटी तब वहां पर सड़क क्लीयर हुई। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा सहित कुछ अन्य अधिकारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन को लेकर उनके विधानसभा क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी राजनांदगांव के कार्यकम में मौजूद रहे।



# किसान अब भुईंया लिंक में देख सकेंगे भूमि से संबंधित पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ असहमत होने पर कर सकते हैं दावा-आपत्ति

जिले में किसानों के खेतों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य जिला प्रशासन ने पूर्ण कर लिया है। मैनुअल प्रविष्टि भी कर ली गई है। इसी के साथ अब किसान राजस्व विभाग के भुईंया लिंक में जाकर अपनी भूमि का खसरा नंबर दर्ज कर भूमि से संबंधित सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन डेटा में अगर कोई त्रुटि या कुछ छूट गया हो, तो इसके लिए दावा-आपत्ति भी की जा सकती है।

## डिजिटल क्राप सर्वे से गिरदावरी

जिले में गिरदावरी कार्य का डिजिटल क्राप सर्वे भी कराया गया, जिसमें किसान ने कितने हिस्से में फसल लगाई है, उसका आकलन किया जा सकता है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे फील्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करने के साथ फोटो अपलोड करना है। इसके बाद पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसका सत्यापन किया जा रहा है। इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन तथा जमीन की जो परिसम्मति है, उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी।

## किसानों को कई लाभ

डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे। फसल बीमा योजना एवं क्षति आकलन पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा। इस सर्वे से फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डेटा तैयार होगा, जिससे आगामी धान खरीदी व्यवस्था एवं कृषि नीति और अधिक प्रभावी बनाई जा सकेगी, साथ ही किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध हो सकेगा।

# महिला आयोग की तीन सदस्यों को अधिवक्ताओं ने भेजा लीगल नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 15 दिवस के अंदर सदस्यों के माफी नहीं मांगने पर मानहानि का मुकदमा करने की दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया एवं दीपिका शोरी को दो अधिवक्ताओं ने लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस के माध्यम से तीनों सदस्यों पर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें अनाधिकृत व्यक्ति बताते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। अधिवक्ताओं ने इस नोटिस के जरिए तीनों सदस्यों को चेतावनी भी दी है कि अगर 15 दिनों के भीतर उनसे माफी नहीं मांगी गई, तो वे उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

अधिवक्ता शमीम रहमान एवं अखिलेश कुमार ने बताया कि आयोग की तीनों सदस्यों ने उनकी छवि को बदनाम करने की कोशिश की है, जबकि दोनों वकील वर्ष 2020 से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में विधिक सलाहकार के रूप में आधिकारिक रूप से कार्यरत हैं।

अधिवक्ताओं ने कहा कि तीनों सदस्यों ने प्रेस वार्ता कर, सोशल मीडिया के जरिए एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो सहित जानकारी साझा कर राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें अपमानित करने की कोशिश की है, जो साइबर कानून के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। अधिवक्ता शमीम रहमान ने कहा है कि उन्हें 7 दिन के भीतर माफीनामा देकर क्षमा-याचना की जाए तथा उसका प्रकाशन एवं प्रसारण दैनिक समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में किया जाए, अन्यथा सभी के विरुद्ध मानहानि का प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अधिवक्ता अखिलेश कुमार ने कहा कि पूर्व में उन्हें आयोग से प्रतिदिन सुनवाई का मानदेय 1500 प्राप्त होता रहा है तथा आयोग में उनका लगभग डेढ़ लाख रुपये का मानदेय बकाया है और इस संबंध में उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित है। वे भी इन सदस्यों से 15 दिवस के भीतर लिखित माफी मांगी है, नहीं तो वे उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आयोग की तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया एवं दीपिका शोरी ने हाल ही में आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक के खिलाफ मोर्चा खोला था। आयोग द्वारा की जाने वाली सुनवाई का बहिष्कार करते हुए इन सदस्यों ने आरोप लगाया था कि अध्यक्ष द्वारा अनाधिकृत रूप से 5-6 लोगों को कार्यालय में बिठाया जा रहा है। इसे लेकर सदस्यों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में अवगत भी कराया है। सदस्यों का यह भी कहना था कि जरूरत पड़ने पर इस मामले को लेकर वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।





## स्टालिन सरकार लाने जा रही है विधानसभा में बिल

# तमिलनाडु में हिंदी गाने, फिल्में और होर्डिंग्स पर लगेगा बैन!

एजेंसी ▸▸ चेन्नै

महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी झगड़े के शांत होने के बाद दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में भाषा विवाद खड़ा होता दिखाई दे रहा है। तमिलनाडु में डीएमके सरकार ने हिंदी होर्डिंग्स, फिल्मों और गानों पर पाबंदी लगाने के लिए विधानसभा में बिल पेश करने की तैयारी की है। सूत्रों के हवाले जानकारी सामने आई है कि तमिलनाडु विधानसभा में एक ऐसे ही प्रावधान वाला बिल स्टालिन सरकार रखेगी। बीजेपी ने डीएमके सरकार के इस कदम को बेतुका और भ्रमित करने वाला बताया है। सूत्रों ने बताया कि तमिलनाडु सरकार आज विधानसभा में एक विधेयक पेश करने वाली है, जिसका उद्देश्य राज्य में हिंदी को लागू करने पर प्रतिबंध लगाना है। प्रस्तावित कानून पर चर्चा के लिए कल रात कानूनी विशेषज्ञों के साथ एक आपात बैठक हुई थी।

**दक्षिणभाषी राज्य में फिर खड़ा होता दिखाई दे रहा है भाषा विवाद**

### संविधान के अनुरूप

मुख्यमंत्री डीएमके की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने इस संबंध में अभी कुछ भी नहीं कहा है कि चर्चा है कि सरकार विधानसभा के मौजूद सत्र में हिंदी होर्डिंग्स, फिल्मों और गानों को लेकर एक बिल ला रही है। सूत्रों ने बताया कि विधेयक पूरे तमिलनाडु में हिंदी होर्डिंग्स, बोर्ड्स, फिल्मों और गानों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करता है, हालांकि अधिकारियों ने ज़ोर देकर कहा कि यह संविधान के अनुरूप होगा। वरिष्ठ डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने विधेयक पर टिप्पणी करते हुए कहा कि संविधान के विरुद्ध कुछ नहीं करेंगे। हम उसका पालन करेंगे। हम हिंदी थोपने के खिलाफ हैं।



### भाजपा ने बताया मूर्खतापूर्ण और बेतुका

बीजेपी के नेता विनोज सेल्वम ने इस कदम को मूर्खतापूर्ण और बेतुका बताया है। सेल्वम ने कहा कि भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सत्तारूढ़ द्रमुक, जिसे तिरुपरनकुंद्रम, करूर जांच और आर्मस्ट्रांग जैसे हालिया अदालती मामलों में असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है, विवादास्पद फॉक्सकॉन निवेश मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाषाई बहस का इस्तेमाल कर रही है। इस साल मार्च में एमके स्टालिन सरकार ने 2025-26 के राज्य बजट लोगो में राष्ट्रीय रुपये के प्रतीक चिह्न को तमिल अक्षर से बदल दिया। इस बदलाव की भाजपा नेताओं और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आलोचना की। तब डीएमे ने इसे राष्ट्रीय प्रतीक को अस्वीकार करने के बजाय तमिल भाषा को बढ़ावा देने का प्रयास बताया।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

# चार विधायकों का पत्ता साफ, एक दिन पहले आई सिंगर को टिकट

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए खेमे में सीट बंटवारे को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा का है। मैथिली को अलीनगर, मिश्रा को बक्सर से टिकट दिया गया है। दूसरी सूची में चार सिटिंग विधायकों बाढ़ से ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू, गोपालगंज से कुसम देवी, छपरा से सीएन गुप्ता और अलीपुर से मिश्रीलाल यादव को टिकट नहीं दिया गया। वहीं, हाया घाट से विधायक राम चंद्र प्रसाद और रोसड़ा से विधायक वीरेंद्र कुमार को फिर से टिकट मिला है। इससे पहले पहली लिस्ट में भी बड़े बदलाव देखने को मिले थे,

### राज्य में 243 सीटों पर 6 और 11 नवंबर को होगी वोटिंग, 14 को आएंगे नतीजे



### इधर, कुशवाहा झुके, चिराग को देंगे सीट

राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक के बाद महुआ विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी छोड़ने पर सहमति जताई है। अब यह सीट लोजपा (रामविलास) चिराग पासवान की पार्टी को जाएगी। इस तरह महुआ सीट पर अब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का उम्मीदवार एनडीए गठबंधन की तरफ़ से चुनाव लड़ेगा।

### राजभर हुए बागी सुभासपा ने 47 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

बीजेपी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बगावती तेवर दिखाते हुए बिहार विधानसभा चुनाव में 47 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।



ओम प्रकाश राजभर ने बीजेपी से 4 से 5 सीटें देने की मांग की थी लेकिन जब एनडीए ने सीट बंटवारे का ऐलान कर दिया तो राजभर ने कहा था कि उनकी पार्टी भी बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ेगी और अब सुभासपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

### इधर, कांग्रेस 65 पर अड़ी, राजद नहीं राजी

एनडीए की तरह ही महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर रार है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस 65 सीटें चाहती है लेकिन राजद उसे सिर्फ 55 सीटें देने के लिए ही राजी है। इधर पार्टी सूत्रों के अनुसार महागठबंधन में पहले चरण की जिन सीटों पर सहमति बन चुकी है उनके नाम पार्टी आज घोषित कर सकती है। कांग्रेस ने अब तक कुल 43 सीट पर उम्मीदवार चयनित कर लिए हैं। महागठबंधन समन्वय समिति के समन्वयक तेजस्वी यादव के साथ बातचीत में कोई फार्मूला तय नहीं होने के अगले दिन मंगलवार को दिल्ली में पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम पर विचार किए।

### तेजस्वी ने राघोपुर से भरा पर्चा

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को राघोपुर से अपना नामंकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान, तेजस्वी ने कहा कि हम सिर्फ़ सरकार नहीं बनाना चाहते, हम बिहार बनाना चाहते हैं। हम बिहार को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राज्य बनाना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि राघोपुर की जनता एक बार फिर हम पर भरोसा करेगी।

## घुटनों के बल बैठाया और भून दिया गोलियों से

# हमास का नया टेरर कांड! 8 गाजावासियों का नरसंहार

एजेंसी ▸▸ गाजा

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं और नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाए।

यदि किसी उम्मीदवार को SHRESHTA 2026 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या shreshta@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है।

cbc 21354/12/0003/2526

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

### राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी National Testing Agency

Excellence in Assessment
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए देश भर के सैनिक स्कूल/नए सैनिक स्कूलों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी (रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत) की ओर से AISSEE-2026 परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि | 10.10.2025 to 30.10.2025 |
| परीक्षा की तिथि | माह जनवरी 2026 में |
| परीक्षा की पद्धति | पेन और पेपर के माध्यम से (OMR) |
| प्रश्नो के प्रकार | वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQs) |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विज्ञप्ति राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in & https://exams.nta.nic.in/sainik-school-society/ पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं और नवीनतम अपडेट हेतु नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाए।

यदि किसी उम्मीदवार को AISSEE 2026 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या aissee@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है।

cbc 21354/12/0004/2526

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

### OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL GOBRA NAWAPARA, DIST- RAIPUR (CG)

NIT NO/681/NPP/PDW/2025-26 — Gobra Nawapara, Dated 15-10-2025

**E-Procurement Tender Notice 1th Call**

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु संयंत्र स्थापित किये जाने एवं कम्पोस्ट प्लांट निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में एकीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा प्रपत्र "अ" एवं "ब" में छ.ग. लोक निर्माण विभाग प्रचलित CG PHE USOR 01.06.2020, CG PWD BUILDING SOR 01.01.2015, CG PDW ELECTRICAL SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनु लागत राशि (रु लाख में) SOR | अनु लागत राशि (रु लाख में) Non SOR | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | समय सीमा | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि एवं 100 रू. स्टाम्प जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177697 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant | 46.82 | 34.90 | 61300/- | Class-D & Above | 06 MONTH | 10,000/- (Form A & B) | Date 11.11 2025 Time 17.30 PM | Date 14.11.2025 Time 17.30 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in and https://uad.cg.gov.in से दिनांक 15-10-2025 at 17:30 से डाऊनलोड की जा सकती है।

CHIEE MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL GOBRA NAWAPARA

# यूरोप से इंग्लैंड ने सबसे पहले बनाई जगह, अफ्रीकी और एशियाई दिग्गजों ने किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा फुटबाल विश्व कप 2026 के लिए तीन बड़ी टीमें- दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अपना टिकट पक्का कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 के बाद पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फीफा विश्व कप में हिस्सा लेगा। इस जीत के साथ ही नाइजीरिया को अपने ग्रुप में दूसरा स्थान मिला और उसे अब प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

हालांकि नाइजीरिया ने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक की बदौलत 4-0 से हराया। उधर, आइवरी कोस्ट ने कीनिया पर 3-0 की जीत दर्ज कर सीधा क्वालिफिकेशन हासिल किया, जबकि सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं यूरोप से इंग्लैंड फुटबॉल विश्वकप में क्वालीफाई करना वाला पहला देश है। एशियाई देशों में क्वालिफाई के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है।

### इटली, स्पेन ने भी बढ़ाई उम्मीदें

पिछले दो विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाला इटली अब प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुका है। उसने इज़रायल को 3-0 से हराया और अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे फिलहाल तीन अंक आगे है और गोल अंतर में बेहतर स्थिति में है। वहीं स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन अब तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने जॉर्जिया को 4-1 से मात दी।



### इंग्लैंड लगातार आठवीं बार खेलगा फीफा विश्व कप

इंग्लैंड ने लाटविया पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया और इस तरह यूरोप का पहला देश बना, जिसने टूर्नामेंट में जगह पक्की की। कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड ने अपने ग्रुप में दो मैच शेष रहते शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। इंग्लैंड अब लगातार आठवीं बार फीफा विश्व कप खेलेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लिश टीम ने अब तक क्वालिफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है।

### कतर और सऊदी अरब की जगह पक्की

एशियाई क्वालिफायर के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप 2026 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कतर ने दोहा में खेले गए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया, जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमें अब एशिया से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गई हैं। कतर दूसरी बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। पिछली बार वह मेजबान देश के रूप में खेला था। लेकिन इस बार कतर ने अपने दम पर क्वालीफिकेशन हासिल किया, जो उसके फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय है। सऊदी अरब अब तक सातवीं बार विश्व कप में हिस्सा लेने जा रहा है। इससे पहले जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन एशिया से जून में ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

## रणजी ट्रॉफी : किशन और साहिल ने की 150 रन की अटूट साझेदारी

# इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक, झारखंड ने तमिलनाडु के खिलाफ बनाए 307 रन

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

कप्तान इशान किशन के शतक से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को तमिलनाडु के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए छह विकेट पर 307 रन बनाए। भारतीय टीम में अपनी जगह गंवाने वाले किशन दिन का खेल खत्म होने पर 183 गेंद में नाबाद 125 रन बनाकर खेल रहे थे। साहिल राज 64 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। झारखंड पर 200 रन से कम पर सिमटने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन किशन और साहिल ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। तमिलनाडु की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर डीटी चंद्रशेखर ने दो विकेट हासिल किए।



### विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन बनाए 302 रन

बेंगलुरु में गत चैंपियन विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 302 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन मोखादे ने नाबाद 148 रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यश राठौड़ 66 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। ध्रुव शौरे ने भी 64 रन की पारी खेली। कानपुर में सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर केएस भरत (144) के शतक से आंध्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 289 रन बनाए। उन्होंने 244 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके मारे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शेख रशीद दिन का खेल खत्म होने पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में ओडिशा ने राजेश धूपर (नाबाद 76) के अर्धशतक से बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए।

### बंगाल ने उत्तराखंड को 213 रन पर समेटा

**कोलकाता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार गेंद में तीन विकेट चटकाए, जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन बुधवार को उत्तराखंड को 213 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में बंगाल ने भी पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (00) का विकेट गंवाकर दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर आठ रन बनाए। सुदीप चटर्जी (नाबाद 01) और सुदीप कुमार घरामी (07) स्टंप के समय क्रीज पर थे। बंगाल की टीम अभी उत्तराखंड से 205 रन से पीछे है। चोटों और खराब फॉर्म में बाद लय हासिल करने की कोशिशों में जुटे 35 साल के शमी को बुधवार को अपने शुरुआती 14 ओवर में कोई सफलता नहीं मिली लेकिन उत्तराखंड की पारी के अंतिम लम्हों में उन्होंने रिवर्स स्विंग का जादू चलाया।

### पडिक्कल, करुण और स्मरण का अर्धशतक

**राजकोट।** देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर और आर स्मरण के दमदार अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 295 रन बनाए। पडिक्कल (96 रन, 141 गेंद, 11 चौके) और नायर (73, 126 गेंद, नौ चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। इन दोनों ने उस समय पारी को संवारा जब बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (100 रन पर चार विकेट) ने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस और कप्तान मयंक अग्रवाल को पारी की शुरुआत में जल्दी पवेलियन भेजा। दिन का खेल खत्म होने पर स्मरण (नाबाद 66 रन, 120 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ अनुभवी श्रेयस गोपाल क्रीज पर डटे थे। जोस और अग्रवाल के केवल 26 रन तक पवेलियन लौटने के बाद कर्नाटक की टीम लड़खड़ा रही थी और पडिक्कल तथा विदर्भ के साथ दो सत्र खेलने के बाद वापस लौटे नायर ने पारी को संवारा।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ हर विकेट पांच विकेट जैसा



**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने जो भी विकेट लिया वह उन्हें पांच विकेट जैसा लगा क्योंकि पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल नहीं थी। सिराज ने मंगलवार को समाप्त हुए मैच में तीन विकेट लिए, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। अहमदाबाद में पहले टेस्ट में उन्होंने सात विकेट लिए थे।




विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन

## प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तन्वी, उन्नति और रक्षिता



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री रामराज ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को 15-12, 15-7 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को 15-8, 15-5 से शिकस्त दी। दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। तन्वी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की ली युआन सुन से भिड़ेंगी।

ली ने तीसरे दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त लियाओ जुई-ची को 15-12, 15-12 से हराया। रक्षिता श्रीलंका की चौथी वरीयता प्राप्त रानीथमा लियानागे के खिलाफ खेलेंगी, जिन्होंने मलेशिया की लेर क्यू इंग को 15-9, 15-12 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### दत्तू टीटी पर टिकी उम्मीदें


लड़कियों ने पदक की ओर कदम बढ़ाए हैं जबकि लड़कों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें केवल ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी हैं, जिन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त हमवतन सूर्याक्ष रावत को 11-15, 15-6, 15-11 से हराया। रौनक को हालांकि चीन के ली जी हैंग को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 11-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा।

### भव्य और विशाखा की जोड़ी अगले दौर में

मिश्रित युगल में भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंच गई। इस 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने आस्के रोमर और जैस्मीन विलिस की डेनमार्क की जोड़ी को 15-13, 15-11 से हराया। भारत ने टूर्नामेंट में 25 सदस्यीय टीम उतारी है। लड़कियों के एकल वर्ग में खिलाड़ी प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक जीते गए 11 व्यक्तिगत पदकों में इजाफा करने की प्रबल दावेदार हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए रोहित-विराट ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत के ऑस्ट्रेलियाई दौरे का आगाज 19 अक्टूबर से होना है और इसके लिए विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों सहित टीम इंडिया के कई खिलाड़ी रवाना हुए। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की बात करें तो इन दोनों ने पिछला वनडे मुकाबला भारत के लिए



इसी साल मार्च माह में खेला था, जिसके बाद रोहित और विराट ने एक साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके चलते ये दोनों छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया एक दो नहीं बल्कि तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलती नजर आएंगे। इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होनी है।

परिवार के स्वास्थ्य के लिए पानी होना चाहिए बिल्कुल साफ, सेफ और सही, पानी होगा साफ़, हेल्दी होंगे आप!

सही पानी की टंकी और पाइप चुनकर बीमारियों से बचें

बारिश में जगह-जगह पानी जमा हो जाता है। गंदे और दूषित पानी से बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। पानी की टंकियों या पाइप में रुका हुआ पानी बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए परिवार के स्वास्थ्य से कोई भी समझौता न करें, क्योंकि 'क्योंकि पानी साफ तो परिवार सेफ'।

**स्टोर किए हुए पानी की शुद्धता का ध्यान रखें**

आमतौर पर घरों में उपयोग होने वाले केवल 5% स्टोरेज किया हुआ पानी को ही आरओ के जरिए शुद्ध किया जाता है और केवल पीने के लिए उपयोग किया जाता है। बाकी 95% पानी का उपयोग सीधे टंकी से खाना पकाने, बर्तन और सब्जियां धोने, नहाने, घर की सफाई आदि के लिए होता है। बारिश की वजह से कई तरह की गंदगी पानी में मिलती है और हानिकारक कीटाणु भी पनपते हैं। ऐसे में स्टोर किए गए पानी की स्वच्छता और शुद्धता बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, बारिश में पानी से होने वाली बीमारियों में डायरिया प्रमुख है। ये भारत में बाल मृत्यु दर का तीसरा आम कारण है और पांच साल से कम उम्र के लगभग 13% बच्चों की जान ले लेता है। मानसून के बाद पानी की टंकी की सफाई ज़रूरी है, क्योंकि टंकी नहीं होगी साफ़, सेहत नहीं करेगी माफ़। सिंटेक्स एक ज़िम्मेदार ब्रांड के रूप में, आपकी सुरक्षा के लिए टंकी सफाई जैसे रोकथाम उपायों को प्रोत्साहित करता है -क्योंकि "हमें आपकी फ़िक्र है।''

थोड़े से पैसों की बचत परिवार को बीमार बना सकती है। रिसाइकल्ड अनब्रांडेड या नकली टैंक से होती है बीमारियां सभी अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता करते हैं। बेबी शैम्पू खरीदते समय भी देखते हैं कि कोई हानिकारक तत्व तो नहीं हैं। लेकिन जिस पानी से शिशु को नहलाते हैं उसके बारे में ध्यान नहीं देते कि कहीं उसमें हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, काई, फंगस आदि तो नहीं हैं।

आजकल लगभग हर शहरी घरों में अधिकतर पीवीसी (प्लास्टिक) के वाटर टैंक उपयोग होते हैं। कई बार अपार्टमेंट बनाने वाले बिल्डर और ठेकेदार या खुद मकान मालिक भी पैसे बचाने के चक्कर में सस्ते, रिसाइकल्ड प्लास्टिक वाले वाटर टैंक लगा लेते हैं। लोग मकान बनाने में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, लेकिन वाटर स्टोरेज टैंक पर उतना ध्यान नहीं देते हैं।

बाजार में नकली और रिसाइकल्ड प्लास्टिक टैंक की कीमत कम होती है, क्योंकि इनमें घटिया क्वालिटी का प्लास्टिक इस्तेमाल होता है। इसमें लंबे समय में माइक्रोप्लास्टिक निकलकर पानी में मिल जाते हैं। कभी-कभी पानी का रंग हल्का पीला भी पड़ जाता है। इनका कोई प्रमाणित स्टैंडर्ड नहीं होता, और इनमें लीकेज, क्रैक या रंग छोड़ने की संभावना अधिक होती है। रीसाइकल प्लास्टिक हानिकारक विषाक्त तत्व और रसायन छोड़ता है, जो त्वचा में जलन, अपचन और यहाँ तक कि कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसलिए हमेशा




100% फूड ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बने उत्पाद का ही उपयोग करें। विशेषज्ञ हमेशा प्रमाणित, परीक्षण किया हुआ और विश्वसनीय ब्रांड चुनने की ही सलाह देते हैं।

**सिंटेक्स टैंकः पानी को रखे पूरी तरह साफ और सुरक्षित**

सिंटेक्स वॉटर टैंक 100% फूड ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बनाए जाते हैं। इनकी परतों में माइक्रोबियल रेजिस्टेंट तकनीक का इस्तेमाल होता है। इसमें सिंटेक्स टैंक यूवी रेजिस्टेंट भी होते हैं। यानी तेज धूप का भी इन पर असर नहीं पड़ता। सिंटेक्स, वाटर स्टोरेज के क्षेत्र में पिछले 50 वर्षों से अपने प्रोडक्ट से लोगों को संतुष्ट कर रहा है और भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में शामिल है।

**सिंटेक्स पाइप्सः पानी पहुंचे हर घर शुद्धता के साथ**

पाइप में लीकेज से बाहरी गंदा पानी अंदर घुसकर पानी को दूषित कर सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। इसलिए चुनें उच्च गुणवत्ता वाले, लंबे समय तक टिकाऊ सिंटेक्स पाइप— जो बाहर से मजबूत और अंदर से सुरक्षात्मक परत के साथ आपके पानी को शुद्ध और सुरक्षित रखते हैं।

सिंटेक्स पाइप्स को पानी में माइक्रोबियल ग्रोथ को रोकने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। सिंटेक्स ने भारत के पहले एंटी-माइक्रोबियल CPVC लॉन्च किए हैं। पाइप न केवल वायरस, बैक्टीरिया, फंगस और काई, से बचाव करते हैं बल्कि उनको पनपने से रोकते हैं। सिंटेक्स के UPVC पाइप भी एंटी-माइक्रोबियल हैं।

सिंटेक्स के एंटी-माइक्रोबियल CPVC पाइप जो घरों, खेतों, और आवासीय भवनों में स्वच्छ पानी सप्लाई के लिए टिकाऊ समाधान हैं। सिंटेक्स ने CPVC और UPVC पाइप्स में नई रेंज लॉन्च की है। अब तक इसके कई प्रकार के प्लंबिंग सिस्टम लॉन्च किए गए हैं

- गरम और ठंडे पानी के लिए – सिंटेक्स HOTX पाइप्स एवं फिटिंग्स
- ठंडे पानी के लिए – सिंटेक्स CoolX पाइप्स एवं फिटिंग्स
- घर के बाहर वर्षा जल एवं गंदे पानी के लिए – सिंटेक्स SWRX पाइप
- ज़मीन के अंदर लगाने के लिए – सिंटेक्स GroundX पाइप
- पीने योग्य पानी सप्लाई के लिए – सिंटेक्स AgriX पाइप
- सफाई के बाद दोबारा उपयोग योग्य पानी के लिए – सिंटेक्स ReclaimX पाइप
- ज़मीन की सतह पर पानी के बहाव को नियंत्रित एवं सप्लाई करने के लिए – सरफेस ड्रेनेज सिस्टम DrainX

सिंटेक्स पाइप्स लेड-फ्री, 100% फूड ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक मटेरियल से बनाए जाते हैं, जो पानी के स्वाद, रंग और गंध को नहीं बदलते। सिंटेक्स पाइप्स न सिर्फ जंग रोधी होते हैं, बल्कि वे लीकेज, क्रैक होने और प्रेशर से भी सुरक्षित रहते हैं।

सिंटेक्स के SWRX और GroundX (Underground) दोनों को जंग प्रतिरोधी, टिकाऊ और लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है। इन पाइपों में एंटी-रोडेंट क्वालिटी होती है। यानी इन पर चूहे और अन्य तीखे दांतों वाले जीवों के काटने का असर नहीं होता। क्वालिटी, ड्यूरेबिलिटी और स्वास्थ्य, यही है सिंटेक्स की पहचान। सिर्फ दिखावे में अच्छा लगना काफी नहीं होता, असली फर्क पड़ता है प्रोडक्ट की गुणवत्ता और कार्य क्षमता से।

सिंटेक्स अपने हर उत्पाद को इंटरनेशनल स्टैंडर्ट के अनुसार बनाता है। इसमें सख्त जांच प्रक्रिया, हाई क्वालिटी रॉ-मटेरियल और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होता है। सिंटेक्स के टैंक और पाइप्स NSF प्रमाणित हैं, मतलब ये अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं। हर टैंक सिंटेक्स नहीं होता

- नज़रअंदाज़ करना सही नहीं है। ज़िम्मेदार बनें, सही चुनें; स्मार्ट बनें, सिंटेक्स चुनें। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सिंटेक्स एकदम सुरक्षित है, क्योंकि इसमें न तो कोई हानिकारक रसायन होता है और न ही ये बैक्टीरिया को बढ़ने देता है।

सिंटेक्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है, जो वर्षों से भारत में वाटर स्टोरेज सॉल्यूशन प्रदान करने में अग्रणी रहा है। इसलिए जब आप नया टैंक या पाइप खरीदें, तो सतर्क रहें। पैकेजिंग, ब्रांड लोगो और BIS मार्क की जांच जरूर करें। सिंटेक्स के प्रोडक्ट्स में QR कोड और सीरियल नंबर से असली-नकली में फर्क की जांच की जा सकती है। याद रखें, नकली उत्पाद सिर्फ पैसे की बर्बादी नहीं होते, वे आपकी सेहत और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।

# भारतीय मानक ब्यूरो - एक परिचय

मानक पथ प्रदर्शक

## भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा मानक महोत्सव



**प्रमोद कुमार तिवारी (IAS)**
महानिदेशक
भारतीय मानक ब्यूरो

### उच्च गुणवत्ता मानक भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद कर सकते हैं।

आईएसआई मार्क वाले उत्पादों को प्रमाणित करने से लेकर प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा देने, कीमती धातुओं के प्रमाणीकरण और हॉलमार्किंग तक, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) भारत में गुणवत्ता के स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

'हम बीआईएस, भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था हैं। हम भारतीय मानकों को विकसित और प्रकाशित करते हैं, अनुरूपता मूल्यांकन योजनाओं को लागू करते हैं, अनुरूपता मूल्यांकन के लिए प्रयोगशालाओं को पहचानते हैं और चलाते हैं, हॉलमार्किंग लागू करते हैं, उपभोक्ता सशक्तिकरण के लिए काम करते हैं, गुणवत्ता आश्वासन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करते हैं, और आईएसओ और आईईसी में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं।'

# बीआईएसः गुणवत्ता और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करना

**अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करके और उद्योग हितधारकों के साथ सहयोग को बढ़ावा देकर, बीआईएस न केवल भारतीय व्यवसायों को लाभ पहुंचाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्राप्त हों।**

मानकीकरण आर्थिक विकास का समर्थन करता है, प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाता है, और तकनीकी विकास को बढ़ावा देता है। यह एक ओर उपभोक्ताओं की सुरक्षा और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक नीतियों का समर्थन करने, और दूसरी ओर स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने का एक उपकरण है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) एक महत्वपूर्ण संगठन है जो भारत में उत्पादों और सेवाओं के मानकीकरण और गुणवत्ता आश्वासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित, बीआईएस यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि भारतीय उद्योग वैश्विक मानकों को पूरा करे, उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा दे, और गुणवत्ता और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा दे।

गुणवत्ता, पारदर्शिता और उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति बीआईएस का समर्पण उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं और सेवाओं में स्पष्ट है। अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करके और उद्योग हितधारकों के साथ सहयोग को बढ़ावा देकर, बीआईएस न केवल भारतीय व्यवसायों को लाभ पहुंचाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्राप्त हों।




### विश्व मानक दिवस

हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व मानक दिवस, दुनिया भर में मानक विकसित करने वाले हजारों विशेषज्ञों के सहयोगात्मक प्रयासों का सम्मान करता है। इस वर्ष विश्व मानक दिवस की थीम संपूर्ण विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण, सतत विकास लक्ष्यों के लिए भागीदारी है।

तेजी से विकसित हो रहे गुणवत्ता आश्वासन और रूप में खड़ा है, जो विश्व मंच प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान दे की प्रक्रिया खुलेपन, सर्वसम्मति के सिद्धांतों के सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन




वैश्विक बाजार में, बीआईएस उपभोक्ता संरक्षण के एक स्तंभ के पर भारत की वृद्धि और रहा है। बीआईएस में मानक विकास पारदर्शिता, निष्पक्षता और आधार पर स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय करती है।

### एसडीजी 17

एसडीजी (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल)17 का लक्ष्य "बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण" सतत विकास लक्ष्यों के लिए मानक को मजबूत और पुनर्जीवित करना है। इसे प्राप्त करने के लिए सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच सहयोग की आवश्यकता है, साथ ही वित्त, प्रौद्योगिकी और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य 2030 तक सभी सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक मजबूत और समावेशी साझेदारी सुनिश्चित करना है

### शैक्षणिक संस्थानों में मानक क्लब

बीआईएस ने शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों और छात्रों को सदस्य के रूप में शामिल करते हुए मानक क्लब बनाने की पहल की है। इन क्लबों के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से, युवा प्रतिभाओं को गुणवत्ता और मानकीकरण के क्षेत्र में सीखने के अवसर मिलते हैं।

### तकनीकी शिक्षण संस्थानों के साथ MOU

शिक्षण संस्थानों में व्याख्याताओं एवं छात्र-छात्राओं के बीच मानकों के प्रति जानकारी बढ़ाने के लिए NIT रायपुर, IIIT रायपुर, GEC रायपुर एवं IGKV रायपुर के साथ MOU किया गया है।

### राष्ट्रीय मानकों को बढ़ावा देने में बीआईएस कैसे मदद करता है?

बीआईएस का प्राथमिक मिशन भारत में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय मानकों को विकसित करना, बनाए रखना और बढ़ावा देना है। ऐसा करने में, इसका उद्देश्य भारतीय उद्योग की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता को सुविधाजनक बनाते हुए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। बीआईएस मानक विकास में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करते हुए खुलेपन, पारदर्शिता, निष्पक्षता और सर्वसम्मति के मार्गदर्शक सिद्धांतों के तहत काम करता है।

### प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन संगठनों को गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनाए रखने में कैसे मदद करती है?

बीआईएस प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन सेवाएं भी प्रदान करता है, जिससे संगठनों को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली लागू करने और बनाए रखने में मदद मिलती है। यह प्रमाणीकरण प्रमाणित करता है कि एक कंपनी गुणवत्ता प्रबंधन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करती है, जिससे इसकी परिचालन दक्षता और ग्राहक संतुष्टि बढ़ती है।

### प्रमाणन प्रक्रिया की अखंडता और विश्वसनीयता बनाए रखने में प्रयोगशाला सेवाएँ कितनी महत्वपूर्ण हैं?

अपनी विभिन्न प्रमाणन और मानकीकरण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए, बीआईएस उन्नत परीक्षण और अंशांकन सुविधाओं से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का संचालन करता है। ये प्रयोगशालाएँ उत्पादों का गहन गुणवत्ता मूल्यांकन करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। बीआईएस की प्रयोगशाला सेवाएं प्रमाणन प्रक्रिया की अखंडता और विश्वसनीयता बनाए रखने में सहायक है।

### इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए अनिवार्य रजिस्ट्रेशन स्कीम (CRS-SCHEME)

इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से सम्बंधित मानकों की एक विस्तृत श्रृंखला है जो उपभोक्ताओं और उद्योग के लिए उच्च स्तर की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की योजना इन मानकों का प्रतिनिधित्व करती है और विदेशी फर्मों द्वारा आयातित कई इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता होती है। कोई भी व्यक्ति ऐसी वस्तुओं का निर्माण, या भंडारण, आयात, बिक्री, या वितरण नहीं करेगा जो आदेश में निर्दिष्ट भारतीय मानक के अनुरूप नहीं है। इन उत्पादों के निर्माताओं को अपने उत्पाद का बीआईएस-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षण कराने के बाद भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में पंजीकरण के लिए आवेदन करना आवश्यक है।

### ग्राम पंचायतों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम

भारतीय मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए, बीआईएस ने ग्राम पंचायत अध्यक्षों और सचिवों के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यशालाएं शुरू की हैं। गाँवों में सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के प्रयास में, बीआईएस ने देश भर में ग्राम पंचायत अध्यक्षों और सचिवों को संवेदनशील बनाने के लिए एक व्यापक पहल की है।




### आईएसआई मार्क क्या है?

IS XXXX
CM/L-XXXXXXX

आईएसआई मार्क भारत में उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक मानक चिह्न है, जो यह दर्शाता है कि कोई उत्पाद विशिष्ट भारतीय मानकों के अनुरूप है। बीआईएस निर्माताओं को विशिष्ट उत्पादों या प्रक्रिया के लिए मानक चिह्न का उपयोग करने का लाइसेंस जारी करता है। यह चिह्न निर्माताओं को प्रासंगिक भारतीय मानकों का पालन करने वाले उत्पादों पर प्रदर्शित करने का अधिकार देता है। इस आईएसआई मार्क में लाइसेंस संख्या 'CM/L-xxxxxxxxxx' चिह्न के निचले भाग में स्थित है, जबकि भारतीय मानक संख्या उसी आईएसआई मार्क के शीर्ष पर स्थित है। यह निशान उन औद्योगिक इकाइयों को दिया जाता है, जो सम्बद्ध भारतीय मानक के अनुरूप उत्पाद एवं टेस्टिंग के बाद मानक पर खरे पाए जाते हैं।

### बीआईएस प्रमाणन या अनुरूपता मूल्यांकन क्या है?

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है, जो उत्पाद गुणवत्ता मानकों को विकसित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। आईएसआई मार्क के रूप में जाने वाले मानक चिह्न के साथ बाजार में आपूर्ति करने के लिए निर्माताओं को भारतीय मानक के अनुसार 10 अंकों की लाइसेंस संख्या दी जाती है।

### बीआईएस उपभोक्ता सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करता है?

इसके मूल में बीआईएस उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए समर्पित है। उत्पादों और सेवाओं को प्रमाणित करके, बीआईएस यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को उनके पैसे का मूल्य मिले और वे घटिया या असुरक्षित उत्पादों से सुरक्षित रहें। आईएसआई मार्क उपभोक्ताओं के लिए एक विश्वसनीय प्रतीक के रूप में कार्य करता है, जो उन्हें उच्चतम गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले उत्पादों की ओर मार्गदर्शन करता है।

### बीआईएस प्रमाणन के लिए आवश्यकताएँ

बीआईएस लाइसेंस तैयार उत्पाद के विनिर्माण के लिए जिम्मेदार फैक्ट्री को दिए जाते हैं, वितरकों या खुदरा विक्रेताओं को नहीं। अलग-अलग फैक्ट्री परिसर के लिए अलग-अलग लाइसेंस दिए जाते हैं, और अलग-अलग उत्पादों के लिए, अलग-अलग लाइसेंस दिए जाते हैं। प्रासंगिक भारतीय मानक के अनुसार परीक्षण करने के लिए आवश्यक उत्पाद परीक्षण उपकरण और गुणवत्ता नियंत्रण कार्मिकों की आवश्यकता होती है। फर्म को कारखाना परिसर में उत्पादन मशीनरी और परीक्षण सुविधाएं रखना आवश्यक है।

प्रत्येक उत्पाद के लिए 'उत्पाद मैनुअल' www.bis.gov.in पर उपलब्ध है, जो आवेदकों का मार्गदर्शन करता है। परीक्षण उपकरणों की सुझावात्मक सूची, समूहीकरण दिशानिर्देश, निरीक्षण और परीक्षण योजना (एसआईटी), कार्यक्षेत्र विवरण आदि इन उत्पाद मैनुअल से संदर्भित किए गए हैं।

### आईएसआई मार्क का उपयोग कौन कर सकता है?

आईएसआई मार्क एक मानक चिह्न है जिसका उपयोग उन निर्माताओं द्वारा उत्पादों पर किया जा सकता है जिनके पास बीआईएस से वैध लाइसेंस है। वैध लाइसेंस के बिना आईएसआई मार्क का उपयोग करना बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत दंडनीय अपराध है।


### अनिवार्य प्रमाणन (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश):

भारत सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से लगभग 688 उपभोक्ता उत्पादों के लिए क्यूसी (QC) आदेश जारी किए हैं। क्यूसीओ लागू होने की तिथि से इन उत्पादों को आईएसआई मार्क के बिना उत्पादित/बेचा नहीं जा सकता।

### ये उत्पाद मोटे तौर पर निम्नलिखित हैं।

साथ उपयोग के लिए घरेलू वॉटर हीटर, एयर कंडीशनर और इसके संबंधित भाग, हर्मेटिक कंप्रेसर और तापमान सेंसिंग नियंत्रण, प्लग और सॉकेट-आउटलेट और सक्रिय ऊर्जा के लिए एसी डीसी कनेक्टेड प्रीपेडमेंट मीटर, एलपीजी के साथ उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, पारदर्शी फ्लोट ग्लास, घरेलू प्रेशर कुकर, केबल्स, एलपीजी के लिए रबर नली, एल्यूमीनियम पन्नी, गैर इलेक्ट्रिक खिलौने, इलेक्ट्रिक खिलौने, फ्लैट पारदर्शी शीत ग्लास, बुने हुए बोरे, तितली वाल्व, रेफ्रिजरेटिंग उपकरण, सेंट्रीफ्यूगल कास्ट (स्पून) लोहे के पाइप, फ्लक्स कोड (ट्यूबबुलर) इलेक्ट्रोड, सिलाई मशीन, जल उपचार प्रणाली, जूट बैग, विस्कोस स्टेपल फाइबर, जियो टेक्सटाइल, सुरक्षात्मक वस्त्र, गैर-घरेलू फर्नीचर के लिए उपयोग किए जाने वाले असबाबवाला कंपोजिट, ज्वाला पैदा करने वाले लाइटर, पीने योग्य पानी की बोतलें (तांबा, स्टेनलेस स्टील, एल्यूमीनियम), वेल्डिंग रॉड और इलेक्ट्रोड, स्मार्ट मीटर, इंसुलेटेड फ्लास्क, घरेलू उपयोग के लिए बोतलें और कंटेनर, बोल्ट, नट और फास्टनर, कुकवेयर, भोजन और पेय पदार्थों के लिए बर्तन और डिब्बे, पीएनजी के साथ उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, अग्निशामक यंत्र, इलेक्ट्रोड और प्रकार के पंखे, लकड़ी आधारित बोर्ड, कच्चा लोहा उत्पाद, और सीडीसी केबल और अग्नि जीवन रक्षा केबल, धातु और मिश्र धातु, प्लाईवुड और लकड़ी के फ्लश डोर शटर, फ्लक्स कोर्ड सोल्डर वायर, विविध स्टील उत्पाद, एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम मिश्र धातु उत्पाद, प्रेसिजन रोलर और बुश चेन, संलग्नक और संबंधित चेन स्पॉकेट, स्व-निहित पेयजल कूलर, मेडिकल टेक्सटाइल, एग्रो टेक्सटाइल, तेल के उत्पाद, ड्रम और टिन, दरवाजे की फिटिंग, बोतल बंद पानी की मशीन, पुलिस बल के लिए हेलमेट, नागरिक सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा, स्टील के तार या स्ट्रैंड, नायलॉन या तार की रस्सी और तार की जाली, लंबाई की सामग्री का माप, पॉलीइथिलीन बुने हुए बोरे, तिजोरियां, सुरक्षित जमा लॉकर अलमारियां और चाबी के ताले, टिका, साइकिल और रिक्शा के टायर और ट्यूब, प्रेशर कुकर के लिए रबर गैस्केट, प्रयोगशाला कांच के बने पदार्थ, विद्युत सहायक उपकरण, पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फोटोपॉलीमर, मोल्डिंग और एक्सट्रूज़न के लिए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) सामग्री, डीजल इंजन -NOx रिडक्शन एजेंट AUS 32, वी-बेल्ट, टेलिस्कोपिक बॉल बेयरिंग ड्रॉअर स्लाइड, क्रॉस रिसेस्ड स्क्रू, घरेलू, वाणिज्यिक और इसी तरह के विद्युत उपकरणों की सुरक्षा, हस्त उपकरण, इंडुटेक, रस्सियाँ और डोरियाँ, सौर तापीय प्रणालियाँ, उपकरण और घटक।

### बी आई एस केयर ऐप में उपलब्ध सुविधाएँ




- उत्पादों की लाइसेंस संख्या चेक करना।
- इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की रजिस्ट्रेशन संख्या चेक करना।
- स्वर्ण एवं चाँदी के आभूषणों पर HUID संख्या की जाँच करना।
- 'नो योर स्टैण्डर्ड' के तहत स्टैण्डर्ड डाउनलोड करना।
- बीआईएस से प्रमाणित उत्पादों की गुणवत्ता में शिकायत होने पर शिकायत दर्ज करना।
- अन्य जानकारियां।

### हॉलमार्क सोना खरीदना क्यों जरूरी है?

कोई भी सोने का आभूषण खरीदते समय सोने की शुद्धता की जांच करने के लिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सोने के आभूषण भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा हॉलमार्क किया गया हो। बीआईएस हॉलमार्क भारत में बेचे जाने वाले सोने और चांदी के आभूषणों के लिए एक हॉलमार्किंग प्रणाली है, जो धातु की शुद्धता को प्रमाणित करती है।

भारत सरकार द्वारा 2000 में एक अंकन प्रणाली शुरू की गई थी, जिसे बीआईएस हॉलमार्क के रूप में जाना जाता है, जो खरीददारों के लिए सोने के आभूषणों या वस्तुओं का परीक्षण और प्रमाणन करके सोने की शुध्दता सुनिश्चित करता है। सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा एक प्रमाणीकरण है, जो यह पुष्टि करता है कि सोना एक विशेष शुद्धता का है। केंद्र सरकार ने 16 जून 2021 से सोने की बीआईएस हॉलमार्किंग अधिक रूप से अनिवार्य कर दी है। 1 अप्रैल 2023 से भारत में कोई भी सोने का जौहरी 6 अंकों के एचयूआईडी नंबर के बिना सोने के आभूषण नहीं बेंच सकता है। बीआईएस हॉलमार्क भारत में बेचे जाने वाले सोने और चांदी के आभूषणों के लिए एक हॉलमार्किंग प्रणाली है, जो धातु की शुद्धता को प्रमाणित करती है। यह प्रमाणित करती है कि आभूषण का टुकड़ा भारत के राष्ट्रीय मानक संगठन, भारतीय माँका ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है।




**जुलाई, 2021 से प्रभावी, अब सोने के आभूषणों पर बीआईएस हॉलमार्क में तीन प्रतीक शामिल होंगे:**

• बीएसआई मानक चिह्न • शुद्धता/सुंदरता ग्रेड • 6-अंकीय अल्फान्यूमेरिक कोड, जिसे HUID नंबर भी कहा जाता है।

विज्ञापन

**भारतीय मानक ब्यूरो (रायपुर शाखा कार्यालय)**

मानकालय, प्लॉट नंबर 13-सी सेक्टर 24, नवा रायपुर-अटल नगर, छत्तीसगढ़-492101
दूरभाषः 0771-2419404, 2412235
ई-मेलः rpbo@bis.gov.in
वेबसाइटः www.bis.gov.in




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमी: बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुर: ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांव: ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगी: नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथान: आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगर: मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमी: महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरी: अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्क्स्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :